ब्रह्मसायुज्यदं नृणां सत्यं सत्यं न संशयः ।। १६५ ।।

इति षष्ठः पटलः ।। ६ ।।

यह सुनकर नारायणजी बोले हे महाप्राज्ञ ! बहुत अच्छा, बहुत अच्छा, प्रश्न तुमने पूछा, सुनो, हम अष्टोत्तर सहस्र गायत्रीके नाम कहते हैं जो सब पापोंका विनाश करनेवाला है । सृष्टिकी आदिमें जो ब्रह्माजीने कहे हैं वही कहता हूँ । इस अष्टोत्तरसहस्र-नामके ब्रह्मा ऋषि हैं, अनुष्टुप छन्द, देवी गायत्री देवता, हल अक्षर बीज और स्वरशक्ति, मातृका अक्षरों द्वारा अंगन्यास-करन्यास है । साधकों के हितार्थ अब ध्यान कहता हूँ । रक्तश्वेत हिरण्यनील धवल वर्णके मणिगणों से युक्त, तीन नेत्रोंसे युक्त, उज्ज्वल, अरुणवण और लाल फूलोंकी नवीन माला पहिने, कमलासनपर आरूढ करतलमें कुण्डिका और कमल धारण किये, कमलसम नेत्रयुक्त इष्ट अक्षमाला धारण किये हुए और हंसारूढ ऐसी गायत्री को भजता हूँ । अब अकारादि ३५ नाम कहता हूँ —अचिन्त्य-लक्षणा, अव्यक्ता, अर्थमातृमाहेश्वरी, अमृतार्णवमध्यस्था, अजिता, अपराजिता, अणिमादिगुणाधारा, अर्कमण्डलसंस्थिता, अजरा, अजा, अपरा, अधर्मा, अक्षसूत्रधरा, अधरा, अकारादिक्षकारान्ता, अरिष-ड्वर्गभेदिनी, अंजनाद्रिप्रतीकाशा, अंजनाद्रिनिवासिनी, अदिति, अजया, अविद्या, अरविन्दनिभेक्षणा, अन्तर्बहिस्थिता, अविद्याध्वं-सिनी, अन्तरात्मिका, अजा, अजमुखा, अवासा, अरविन्दनिभानना, अर्द्धमात्रा, अर्थदानज्ञा, अरिमण्डलमर्दिनी, असुरघ्नी, अमावास्या, अलक्ष्मीघ्नी, अन्त्यजार्चिता । आकारादि २२ नाम—आदिलक्ष्मी, आदिशक्ति, आकृति, आयतानना, आदित्यपदवी चारिणी, आदित्य-

परसेविता, आचार्य्या, आवर्त्तना, आचारा, आदिमूर्तिनिवासिनी, आग्नेयी, आमरी, आद्या, आराध्या, आसनस्थिता, आधारनिलया, आधारा, आकाशान्तनिवासिनी, आद्याक्षरसमायुक्ता, आन्तराकाशरूपिणी, आदित्यमण्डलगता, आन्तरध्वान्तनाशिनी। इकारादि १३ नाम—इन्दिरा, इष्टदा, इष्टा, इन्दीवरनिभेक्षणा, इरावती, इन्द्रपदा, इन्द्राणी, इन्द्ररूपिणी, इक्षुकोदण्डसंयुक्ता, इषुसंधानकारिणी, इन्द्रनीलसमाकारा, इडापिङ्गलरूपिणी, इन्द्राक्षी। ईकारादि दो नाम—ईश्वरीदेवी, ईहात्रयविवर्ज्जिता। उकारादि ८ नाम—उमा, उषा, उडुनिभा, उर्वारुकफलानना, उडुप्रभा, उडुमती, उडुपा, उडुमध्यगा। ऊकारादि ५ नाम—ऊर्ध्वा, ऊर्ध्वकेशी, ऊर्ध्वाधोगतिभेदनी, ऊर्ध्ववाहुप्रिया, ऊर्म्मिमाला, वाग्ग्रन्थदायिनी। ऋकारादि १३ नाम—ऋतु, ऋषि, ऋतुमती, ऋषिदेवनमस्कृता, ऋग्वेदा, ऋणहर्त्री, ऋषिमण्डलचारिणी, ऋद्धिदा, ऋतुमार्गस्था, ऋतुधर्मा, ऋतुप्रदा, ऋग्वेदनिलया, ऋज्वी। ऋकारादि ऌकारादि नाम अप्रसिद्ध होनेके कारण नहीं कहे; यद्यपि लकारादि आगे वर्णन करेंगे पर यहाँभी तीन नाम लकारादि कहता हूं—लुप्तधर्मप्रवर्तनी, लूतारिवरसंभूता, लूतादिविषहारिणी। एकरादि चार नाम—एकाक्षरा, एकमात्रा, एका, एकैकनिष्ठिता। ऐकारादि तीन नाम—ऐन्द्री, ऐरावतारूढा, ऐहिकामुष्मिकप्रदा। ॐ कारादि चार नाम—ॐकारा, ओषधी, ओतप्रोतनिवासिनी। औकारादि तीन नाम—और्वी, औषधसम्पन्ना, औपासन फलप्रदा। अंकारादि एक नाम—अण्डमध्यस्थिता देवी। अःकारादि एक नाम—अःकारमनुरूपिणी। ककारादि ९६ नाम—कात्यायिनी, कालरात्री, कामाक्षी, कामसुन्दरी, कमला, कामिनी, कांता, कामदा, कलकंठिनी, करिकुम्भस्तनभरा, करिवीरसुवासनी, कल्याणी, कुण्डलवती, कुरुक्षेत्र-

निवासिनी, कुरुविन्ददलाकारा, कुण्डली, कुमुदालया, कालजिह्वा, करालास्या, कलिका, कालरूपिणी, कमनीयगुणा, कांति, कलाधारा, कुमुद्वती, कौशिकी, कमलाकारा, कामचारप्रभंजिनी, कौमारी, करुणापांगी, ककुबंता, करिप्रिया, केशरी, केशवनुता, कदम्बकुसुमप्रिया, कालिन्दी, कालिका, कांची, कलशोद्भवसंस्तुता, काममाता, ऋतुमती, कामरूपा, कृपावती, कुमारी, कुण्डनिलया, किराती, कीरवाहना, कैकेयी, कोकिलालापा, केतकीकुसुमप्रिया, कमण्डलुधरा, काली, कर्मनिर्मूलकारिणी, कलहंसगति, कक्षा, कृतकौतुकमंगला, कस्तूरीतिलका, कम्रा, करीन्द्रगमना, कुहू, कर्पूरलेपना, कृष्णा, कपिला, कुहराश्रया, कूटस्था, कुधरा, कम्रा, कुक्षिस्थाखिलविष्टपा। खकारादि ग्यारह नाम–खड्गखेटकरा, खर्वा, खेचरी, खगवाहना, खट्वांगधारिणी, ख्याता, खगराजोपरिस्थिता, खलघ्नी, खण्डितजरा, खंडाख्यानप्रदायिनी, खंडेन्दुतिलका। गकारादि ३६ नाम–गंगा, गणेशगुहपूजिता, गायत्री, गोमती, गीता, गांधारी, गानलोलुपा, गोतमी, गामिनी, गाधा, गंधर्वाप्सरसेविता, गोविन्दचरणाक्रान्ता, गुणत्रयविभाविता, गंधर्वा, गह्वरी, गोत्रा, गिरीशा, गहना, गमी, गुहावासा, गुणवती, गुरुपापप्रणाशिनी, गुर्वी, गुणवती, गुह्या, गोप्तव्या, गुणदायिनी, गिरिजा, गुह्यमातंगी, गरुडध्वजवल्लभा, गर्वापहारिणी, गोदा, गोकुलस्था, गदाधरा, गोकर्णनिलयासक्ता, गुह्यमंडलवर्तिनी। घकारादि १४ नाम–घर्म्मदा, घनदा, घंटा, घोरदानवमर्दिनी, घृणिमंत्रमयी, घोषा, घनसंपातदायिनी, घंटारवप्रिया, घ्राण, घृणिसंतुष्टिकारिणी, घनारिमंडला, घूर्णा, घृताची, घनवेगिनी। ज्ञकारादि एक नाम – ज्ञानधातुमयी। चकारादि ४८ नाम–चर्च्चा, चर्च्चिता, चारुहासिनी, चटुला, चंडिका, चित्रा, चित्रमाल्यविभूषिता, चतुर्भुजा, चारुदंता, चातुरी, चरितप्रदा,

चूलिका, चित्रवस्त्रांता, चन्द्रमःकर्णकुण्डला, चन्द्रहासा, चारुदात्री, चकोरी, चन्द्रहासिनी, चंद्रिका, चन्द्रधात्री, चौरी, चौरा, चण्डिका, चंचद्वाग्वादिनी, चन्द्रचूडा, चोरविनाशिनी, चारुचन्दनलिप्तांगी, चंचच्चामरवीजिता, चारुमध्या, चारुगति, चंदिला, चंद्ररूपिणी, चारुहोमप्रिया, चार्वा, चरिता, चक्रबाहुका, चन्द्रमण्डलमध्यस्था, चन्द्रमंडलदर्पणा, चक्रवाकस्तनी, चेष्टा, चित्रा, चारुविलासिनी, चित्स्वरूपा, चंद्रवती, चन्द्रमा, चन्दनप्रिया, चोदयित्री, चिरप्रज्ञा, चातका, चारुहेतुकी । छकारादि १४ नाम–छत्रपाता, छत्रधारा, छाया, छन्दपरिच्छदा, छायादेवी, छिद्रनखा, छिन्नेंद्रियविसर्पिणी, छन्दोऽनुष्टुप्प्रतिध्वान्ता, छिद्रोपद्रवभेदिनी, छेदा, छत्रेश्वरी, छिन्ना, छूरिका, छेदनप्रिया । जकारादि ४४ नाम–जननी, जन्मरहिता, जातिभेदा, जगन्मयी, जाह्नवी, जटिला, जेत्री, जरामरणवर्जिता, जम्बूद्वीपवती, ज्वाला, जयंती, जलशालिनी, जितेन्द्रिया, जितक्रोधा, जितामित्रा, जगत्प्रिया, जातरूपमयी, जिह्वा, जानकी, जगती, जरा, जनित्री, जह्नुतनया, जगत्रयहितैषिणी, ज्वालामुखी, जाग्रती, ज्वरदेवता, ज्वलंती, जलदा, ज्येष्ठा, ज्याघोषास्फोटदिङमुखी, जंभिनी, जृंभणा, जृम्भा, ज्वलन्माणिक्यकुण्डला । झकारादि चार नाम –झिंझिका, झणनिर्घोषा, झंझामारुतवेगिनी, झल्लकीवाद्य-कुशला । ञकारादि दो नाम–ञरूपा, ञभुजा । टकारादि ६ नाम–टंकबाणसमायुक्ता, टंकिनी, टंकभेदिनी, टंकीगणकृताघोषा, टंकि-नीयमहोरसा, टंकारकारिणी देवी। ठकारादि एक नाम–ठठशब्दनि-नादिनी । डकारादि आठ नाम—डामरी, डाकिनी, डिम्भा, डुंडुमा-रैकनिर्जिता, डामरीतंत्रमार्गस्था, डमड्डुमरुनादिनी, डिण्डीरवसहा, डिम्भलसत्क्रीडापरायणा । ढकारादि तीन नाम–ढुंढिविघ्नेशजननी, ढक्काहस्ता, ढिलिप्रजा । णकरादि नाम नहीं थे अतः नका-

रादि ५ नाम कहते हैं—नित्यज्ञाना, निरुपमा, निर्गुणा, नर्मदा, नंदी। तकारादि ६२ नाम—त्रिगुणा, त्रिपदा, तन्त्री, तुलशी, तरुणा, तरु, त्रिविक्रमपदाक्रान्ता, तुरीयपदगामिनी, तरुणादित्य-संकाशा, तामसी, तुहिनी, तुरा, त्रिकालज्ञानसंपन्ना, त्रिवली, त्रिलो-चना, त्रिशक्ति, त्रिपुरा, तुङ्गा, तुरंगवदना, तिमिंगिलगिला, तीव्रा, त्रिस्रोता, तामसादिनी, तंत्रमंत्रविशेषज्ञा, तनुमध्या, त्रिविष्टपा, त्रिसन्ध्या, त्रिस्तनी, तोषासंस्था, तालप्रतापिनी, ताटंकिनी, तुषाराभा, तुहिनाचलवासिनी, तंतुजालसमायुक्ता, तारहाराबलि-प्रिया, तिलहोमप्रिया, तीर्था, तमालकुसुमाकृति, तारका, त्रियुता, तन्वी, त्रिशंकुपरिवारिता, तलोदरी,तिलोद्भासा, ताटंकप्रियवादिनी, त्रिजटा, तित्तिरी, तृष्णा, त्रिविधा, तरुणाकृति, तप्तकांचनसंकाशा, तप्तकांचनभूषणा, त्रैयम्बका, त्रिवर्गा, त्रिकालज्ञानदायिनी, तर्पणा, तृप्तिदा, तृप्ता, तामसी, तुम्बुरुस्तुता, तार्क्ष्यस्था, त्रिगुणाकारा, त्रिभंगी, तनुवल्लरी। थकारादि ३ नाम—थात्कारी, थारवा, थांता। दकारादि २७ नाम—दोहिनी, दीनवत्सला, दानवांतकरी, दुर्गा, दुर्गासुरनिर्बर्हिणी, देवरीति, दिवरात्रि, द्रौपदी, दुन्दुभिस्वना, देवयानी, दुरावासा, दारिद्रचभेदिनी, दिवा, दामोदरप्रिया, दीप्ता, दिग्वासा, दिग्विमोहनी, दण्डकारण्यनिलया, दंडिनी, देवपूजिता, देववन्द्या, दिविषदा, द्वेषिणी, दानवाकृति, दीननाथस्तुता, दीक्षा, दैवतादिस्वरूपिणी। धकारादि २० नाम—धात्री, धनुर्धरा, धेनु, धारिणी, धर्मचारिणी, धुरंधरा, धराधारा, धनदा, धान्यदोहिनी, धर्मशीला, धनाध्यक्षा, धनुर्वेदविशारदा, धृति, धन्या, धृतपदा, धर्मराजप्रिया, ध्रुवा, धूमावती, धूमकेशी, धर्मशास्त्रप्रकाशिनी। नकरादि ५५ नाम—नंदा, नंदप्रिया, निद्रा, नृनुता, नन्दनात्मिका, नर्मदा, नलिनी, नीला, नीलकण्ठसमाश्रया, नारायणप्रिया, नित्या,

निर्मला, निर्गुणा, निधि, निराधारा, निरुपमा, नित्यशुद्धा, निरंजना, नादबिन्दुकलातीता, नादबिन्दुकलात्मिका, नृसिंहिनी, नगधरा, नृपनागविभूषिता, नरकक्लेशशमनी, नारायणपदोद्भवा, निरवद्या, निराकारा, नारदप्रियकारिणी, नानाज्योतिःसमाख्याता, निधिदा, निर्मलात्मिका, नवसूत्रधरा, नीति, निरुपद्रवकारिणी, नन्दजा, नवरत्नाढ्या, नैमिषारण्यवासिनी, नवनीतप्रिया, नारी, नीलजीमूतनिःस्वना, निमेषिणी,नदीरूपा, नीलग्रीवा, निशेश्वरी, नाभावलि, निशुंभघ्नी, नागलोकनिवासिनी, नवजाम्बूनदप्रख्या, नागलोकाधिदेवता, नूपुराक्रांतचरणा, नरचित्तप्रमोदिनी, निमग्ना, रक्तनयना, निर्घातसमनिःस्वना, नन्दनोद्यानिलया, निर्व्यूहोपरिचारिणी।

पकारादि १२५ नाम—पार्वती, परमोदारा, परब्रह्मात्मिका, परा, पंचकोशविनिर्मुक्ता, पंचपातकनाशिनी, परचित्ताविधानज्ञा,पंचिका, पंचरूपिणी, पूर्णिमा, परमा, प्रीति, परतेजःप्रकाशिनी, पुराणी, पौरुषी, पुण्या, पुण्डरीकनिभेक्षणा, पातालतलनिर्मग्ना, प्रीता, प्रीतिविवर्द्धिनी, पावनी, पादसहिता, पेशला, पवनाशिनी, प्रजापति, परिश्रांता, पर्वतस्तनमण्डला, पद्मप्रिया, पद्मसंस्था, पद्माक्षी, पद्मसंभवा, पद्मपत्रा, पद्मपदा, पद्मिनी, प्रियभाषिणी, पशुपाशविनिर्मुक्ता, पुरन्ध्री, पुरवासिनी, पुष्कला, पुरुषा, पर्वा, पारिजातसुमप्रिया, पतिव्रता, पवित्राङ्गी, पुष्पहासपरायणा, प्रज्ञावती सुता, पौत्री, पुत्रपूज्या, पयस्विनी, पट्टीपाशधरा, पंक्ति,पितृलोकप्रदायिनी, पुराणी, पुण्यशीला, प्रणतार्तिविनाशिनी, प्रद्युम्नजननी, पुष्टा, पितामहपरिग्रहा, पुण्डरीकपुरावासा, पुण्डरीकसमानना, पृथुजंघा, पृथुभुजा, पृथुपादा, पृथूदरी, प्रवालशोभा, पिङ्गाक्षी, पीतवासा, प्रचापला, प्रवासा, पुष्टिदा, पुण्या, प्रतिष्ठा, प्रणवागति, पंचवर्णा, पञ्चवाणी, पञ्चिका, पंजरस्थिता, परमाया , परज्योति, परप्रीति,

परागति, पराकाष्ठा, परेशानी, पाविनी, पावकद्युति, पुण्यभद्रा, परिच्छदा, पुष्पहासा, पृथूदरा, पीताङ्गी, पीतवसना, पीतशय्या, पिशाचिनी, पीतक्रिया, पिशाचघ्नी, पाटलाक्षी, पटुक्रिया, पंचभक्षा, प्रियाचारा, पूतना, प्राणघातिनी, पुन्नागवनमध्यस्था, पुण्यतीर्थ-निषेविता, पंचाङ्गी, पराशक्ति परमाह्लादकारिणी, पुष्पकाण्ड-स्थिता, पूषा, पोषिताखिलविष्टपा, पानप्रिया, पंचशिखा, पन्नगोप-रिशायिनी, पंचमात्रात्मिका, पृथ्वी, पाथिका, पृथुदोहिनी, पुराण-न्यायमीमांसा, पाटलीपुष्पगंधिनी, पुण्यप्रजा, पारदात्री, परमार्ग-कगोचरा, प्रवालशोभा, पूर्णाशा, प्रणवा, पल्लवोदरी । फकारादि ७ नाम––फलिनी, फलदा, फल्गु, फूत्कारी, फलकाकृति, फणींद्र-भोगशयना, फणिमण्डलमण्डिता । बकारादि ५३ नाम––बालबाला, बहुमता, बालातपनिभांशुका, बलभद्रप्रिया, वन्द्या, बडवा, बुद्धि-संस्तुता, बन्दीदेवी, बिलवती, बडिशघ्नी, बलिप्रिया, बांधवी, बोधिता, बुद्धि, बंधूककुसुमप्रिया, बालभानुप्रभाकारा, ब्राह्मी, ब्राह्मणदेवता, बृहस्पतिस्तुता, बृन्दा, बृन्दावनविहारिणी, बाला-किनी, बिलाहारा, बिलवासा, बाहूदका, बहुनेत्रा, बहुपदा, बहुकर्णावतंसिका, बहुबाहुयुता, बीजरूपिणी, बहुरूपिणी, बिन्दुनाद-कलातीता, बिन्दुनादस्वरूपिणी, बद्धगोधांगुलित्राणा, बदर्याश्रमवा-सिनी, बृन्दारिका, बृहत्स्कन्धा, बृहती, बाणपातिनी, बृन्दाध्यक्षा, बहुनुता, बनिता, बहुविक्रमा, बद्धपद्मासनासीना, बिल्वपत्रतलस्थिता, बोधिद्रुमनिजावासा, बडिस्था, बिंदुदर्पणा, बाला, बाणासनवती, बडवानलवेगिनी, ब्रह्माण्डबहिरन्तस्था, ब्रह्मकंकणसूत्रिणी । भका-रादि ३९ नाम––भवानी, भीषणवती, भाविनी, भयहारिणी, भद्रकाली, भुजंगाक्षी, भारती, भारताशया, भैरवी, भीषणाकारा, भूतिदा, भूतिमालिनी, भामिनी, भोगनिरता, भद्रदा, भूरिविक्रमा,

भूतवासा, भृगुलता, भार्गवी, भूसुरार्चिता, भागीरथी, भोगवती, भवनस्था, भिषग्वरा, भामिनी, भोगिनी, भाषा, भाविनी, भूरिदक्षिणा, भर्गात्मिका, भीमवती, भवबन्धविमोचनी, भजनीया, भीमधात्री, भंजिता, भुवनेश्वरी, भुजंगवलया, भीमा, भेरुंडा, भागधेयिनी। मकारादि ५४ नाम–माता, माया, मधुमती, मधुजिह्वा, मधुप्रिया, महादेवी, महाभागा, मालिनी, मीनलोचना, मायातीता, मधुमती, मधुमांसा, मधुद्रवा, मानवी, मधुसम्भूत्ता, मिथिलापुरवासिनी, मधुकैटभसंहन्त्री, मेदिनी, मेघमालिनी, मन्दोदरी, महामाया, मैथिली, मसृणप्रिया, महालक्ष्मी, महाकाली, महाकन्या, महेश्वरी, माहेन्द्री, मेरुतनया, मन्दारकुसुमार्चिता, मंजुमंजीरचरणा, मोक्षदा, मंजुभाषिणी, मधुरद्राविणी, मुद्रा, मलया, मलयान्विता, मेधा, मरकतश्यामा, मागधी, मेनकात्मजा, महामारी, महावीरा, महाश्यामा, मनुस्तुता, मातृका, मिहिराभासा, मुकुन्दपदविक्रमा, मूलाधारस्थिता, मुग्धा, मणिपूरकवासिनी, मृगाक्षी, महिषारूढा, महिषासुरमर्दिनी। यकारादि २० नाम–योगासना, योगगम्या, योगा, यौवनकाश्रया, यौवनी, युद्धमध्यस्था, यमुना, युगधारिणी, यक्षिणी, योगयुक्ता, यक्षराजप्रसूतिनी, यात्रा, यानविधानज्ञा, यदुवंशसमुद्भवा, यकारादिहकारान्ता, याजुषी, यज्ञरूपिणी, यामिनी, योगनिरता, यातुधानभयंकरी। रकारादि २७ नाम–रुक्मिणी, रमणी, रामा, रेवती रेणुका, रति, रौद्री, रौद्रप्रियाकारा, राममाता, रतिप्रिया, रोहिणी, राज्यदा, रेवा, रमा, राजीवलोचना, राकेशी, रूपसंपन्ना, रत्नसिंहासनस्थिता, रक्तमाल्यांबरधरा, रक्तगन्धानुलेपना, राजहंससमारूढा, रंभा, रक्तबलिप्रिया, रमणीययुगाधारा, राजिताखिलभूतला, रुरुचर्मपरीधाना, रथिनी, रत्नमालिका, रोगेशी, रोगशमनी, राविणी, रोमहर्षिणी, रामचन्द्रपदाक्रान्ता, रावणच्छेद-

कारिणी, रक्तवस्त्रपरिच्छन्ना, रथस्था, रुक्मभूषणा, लकारादि १३ नाम–लज्जाधिदेवता, लोला, ललिता, लिंगधारिणी, लक्ष्मी, लीला, लुप्तविषा, लोकिनी, लोकविश्रुता, लज्जा, लम्बोदरीदेवी, ललना, लोकधारिणी। वकारादि २७ नाम–वरदा, वन्दिता, विद्या, वैष्णवी, विमलाकृति, वाराही, विरजा, वर्षा, वरलक्ष्मी, विलासिनी, विनता, व्योममध्यस्था, वारिजासनसंस्थिता, वारुणी, वेणुसंभूता, वीतिहोत्रा, विरूपिणी, वायुमण्डलमध्यस्था, विष्णुरूपा, विधिक्रिया, विष्णुपत्नी, विष्णुमती, विशालाक्षी, वसुन्धरा, वामदेवप्रिया, वेला, वज्रिणी, वसुदोहिनी, वेदाक्षरपरीतांगी, वाजपेयफलप्रदा, वासवी, वामजननी, वैकुण्ठनिलया, वरा, व्यासप्रिया, वर्मधरा, वाल्मीकीपरिसेविता। शकारादि २९ नाम–शाकंभरी, शिवा, शांता, शारदा, शरणागति, शातोदरी, शुभाचारा, शुम्भासुरविमर्दिनी, शोभावती, शिवाकारा, शंकरार्धशरीरिणी, शोणा, शुभाशया, शुभ्रा, शिरः-सन्धानकारिणी, शरावता, शरानन्दा, शरज्योत्स्ना, शुभानना, शोभा, शूलिनी, शुद्धा, शबरी, शुकवाहना, श्रीमती, श्रीधरानन्दा, श्रवणानन्ददायिनी, शर्वाणी, शर्वरीवन्द्या। षकारादि ५ नाम–षड्भाषा, षड्तुप्रिया, षडाधारस्थितादेवी, षण्मुखप्रियकारिणी, षडङ्गरूपसुमति। सकारादि २७ नाम। सुरासुरनमस्कृता, सरस्वती, सदाधारा, सर्वमंगलकारिणी, सामगानप्रिया, सूक्ष्मा, सावित्री, सामसम्भवा, सर्ववासा, सदानन्दा, सुस्तनी, सागराम्बरा, सर्वैश्वर्यप्रिया, सिद्धि, साधुबन्धुपराक्रमा, सप्तर्षिमण्डलगता, सोममंडलवासिनी, सर्वज्ञा, सान्द्रकरुणा, समानाधिकवर्ज्जिता, सर्वोतुङ्गा, संगहीना, सद्गुणा, सकलेष्टदा, सरघा, सूर्यतनया, सुकेशी, सौमसंहति। हकारादि ४ नाम–हिरण्यवर्णा, हरिणी, ह्रींकारी, हंसवाहिनी। क्षकरादि ३ नाम–क्षौमवस्त्र-

परीतांगी, क्षीराब्धितनया, क्षमा । सहस्रनाम होगये, अब ८ नाम क्रमरहित कहते हैं । गायत्री, सावित्री, पार्वती, सरस्वती, वेदगर्भा, वरारोहा, श्रीगायत्री, परााम्बिका । नारायण महाराज वर्णन करते हैं कि, हे नारद ! यह गायत्री-सहस्रनाम पुण्यदायक, सर्वपापनाशक, महासम्पत्तिदायक तुमसे कहा, इस प्रकार ये नाम गायत्रीके लिए संतोषप्रद हैं । ब्राह्मणोंके साथ अष्टमीको विशेष रूपसे पढ़ना चाहिये । प्रथम जप, पूजा, होम, ध्यानादि करके उच्चारण करना चाहिये । यह सहस्रनाम हरेक को न देना चाहिये, किन्तु सुभक्त, सुशिष्य, ब्राह्मणहीसे कहना चाहिये । भ्रष्टसाधकको न देना चाहिये । जिसके गृहमें यह लिखा रक्खा रहेगा उसके भवनमें भय न होगा और चंचल लक्ष्मीजी भी उसके गृहमें स्थिर रहेंगी । यह रहस्य अतिगुप्त है । महापवित्र, पुण्यदायी, शुद्ध, दरिद्रोंको निधि देनेवाला, मोक्षदाता, सब कामनाओंको पूर्ण करनेवाला, रोगियोंके रोग छुड़ानेवाला, बन्धनसे मुक्त करनेवाला है । सुरापायी, स्वर्णचोरी करनेवाला, ब्रह्मघाती, गुरुघाती, असत्प्रतिग्रहग्राहक, भक्ष्याभक्ष्यभक्षक, पाखण्डी, इन सबके पापोंका नाशक यह सहस्रनाम है । हे नारद ! मेरे कहे हुए इस गुप्तरहस्यको सुनकर मोक्षकी प्राप्ति हो जाती है ।। ४–१६५ ।।

गायत्रीमंत्रः—"ॐ ! तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात् ।"

इति भाषाभाष्यसमेत गायत्रीतंत्रका
छठा पटल समाप्त ।। ६ ।।

अथ सप्तमः पटलः

श्रीनारद उवाच

श्रुतं सहस्रनामाख्यं श्रीगायत्रीफलप्रदम् ।
स्तोत्रं महोन्नतिकरं महाभाग्यकरं परम् ।। १ ।।
अधुना श्रोतुमिच्छामि दीक्षालक्षणमुत्तमम् ।
विना येन न सिध्येत देवीमन्त्रेऽधिकारिता ।। २ ।।
ब्राह्मणानां क्षत्रियाणां विशां स्त्रीणां तथैव च ।
सामान्यविधिना सर्वं विस्तरेण वद प्रभो ।। ३ ।।

श्रीनारदजी प्रश्न करते हैं कि, श्रीगायत्रीका सहस्रनाम जो सब फल देनेवाला हमने सुना और महान् उन्नति करनेवाला स्तोत्रभी सुना जो महाभाग्यशाली बनाता है । अब हमारी दीक्षाका लक्षण सुननेकी इच्छा है जिसके विना कोई मंत्र सिद्ध ही नहीं होता । ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और स्त्री जो भी हो विना मंत्र ग्रहण किये कभी न रहे, उसका विधान विस्तारपूर्वक कहिये ।। १–३।।

श्रीनारायण उवाच

श्रृणु दीक्षां प्रवक्ष्यामि शिष्याणां भावितात्मनाम् ।
देवाग्निगुरुपूजादावधिकारो यथा भवेत् ।। ४ ।।
दिव्यं-ज्ञानं हि या दद्यात् कुर्यात्पापक्षयं तु या ।
सैव दीक्षेति संप्रोक्ता वेदतंत्रविशारदैः ।। ५ ।।
अवश्यं सा तु कर्त्तव्या यतो बहुफला मता ।
गुरुशिष्यावुभावत्राप्यतिशुद्धावपेक्षितौ ।। ६ ।।
गुरुस्तु विधिवत्प्रातःकृत्यं सर्वं विधाय च ।
स्नानसंध्यादितं सर्वं यथाविधिविधायकम् ।। ७ ।।

कमण्डलुकरो मौनी गृहं यायात्सरित्त्यजन् ।
यागमंडपमासाद्य विशेत्तत्रासने वरे ॥ ८ ॥
आचम्य प्राणानायम्य गन्धपुष्पविमिश्रितम् ।
सप्तवारास्त्रमन्त्रेण जप्तं वारि सुसाधयेत् ॥ ९ ॥
वारिणा तेन मतिमानस्त्रमन्त्रं समुच्चरन् ।
प्रोक्षयेद् द्वारमखिलं ततः पूजां समाचरेत् ॥ १० ॥
ऊर्ध्वोदुम्बरके देवं गणनाथं तथा श्रियम् ।
सरस्वतीं नाम मन्त्रैः पूजयेद्गन्धपुष्पकैः ॥ ११ ॥
द्वारदक्षिणशाखायांगङ्गां विघ्नेशमर्चयेत् ।
द्वारस्य वामशाखायां क्षेत्रपालं च सूर्यजाम् ॥ १२ ॥
देहल्यां पूजयेदस्त्रदेवतामस्त्रमंत्रतः ।
सर्वं देवीमयं दृश्यमिति संचित्य सर्वतः ॥ १३ ॥
दिव्यानुत्सारयेद्विघ्नानस्त्रमन्त्रजपेन तु ।
अन्तरिक्षगतान् विघ्नान्पादघातैस्तु भूमिगान् ॥ १४ ॥
वामशाखां स्पृशन्पश्चात्प्रविशेद्दक्षिणांघ्रिणा ।
प्रविश्यकुंभं संस्थाप्य समान्यार्घ्यं विधाय च ॥ १५ ॥
तेन चाऽर्घ्यजलेनापि नैर्ऋत्यां दिशि पूजयेत् ।
वास्तुनाथं पद्मयोनिं गन्धपुष्पाक्षतादिभिः ॥ १६ ॥
ततः कुर्यात्पंचगव्यं ते न चाऽर्घ्योदकेन च ।
तोरणस्तम्भपर्यंतं प्रोक्षयेन्मण्डपं गुरुः ॥ १७ ॥
सर्वं देवीमयं चेदं भावयेन्मनसाकिल ।
मूलमन्त्रं जपन्भक्त्या प्रोक्षणं स्याच्छराणुना ॥ १८ ॥
शरमन्त्रं समुच्चार्य ताडयेन्मंडपक्षमाम् ।
हुं मन्त्रं तु समुच्चार्य यः कुर्यादभ्युक्षणं ततः ॥ १९ ॥

धूपयेदंतरं धूपैर्विकिरान्विकिरेत्ततः ।
मार्जयेत्तांस्तु मार्जन्या कुशनिर्मितया पुनः ।। २० ।।
ईशानदिशि तत्पुञ्जं कृत्वा संस्थापयेन्मुने ।
पुण्याहवाचनं कृत्वा दीनानाथांश्च तोषयेत् ।। २१ ।।
विशेन्मृद्वासने पश्चान्नमस्कृत्य गुरुं निजम् ।
प्राङ्मुखो विधिवद्ध्यात्वा देयमन्त्रस्य देवताम् ।। २२ ।।
भूतशुद्ध्यादिकं कृत्वा पूर्वोक्तेनैव वर्त्मना ।
ऋष्यादिन्यासकं कुर्याद्देयमन्त्रस्य वै मुने ।। २३ ।।
न्यसेन्मुनिं तु शिरसि मुखेच्छन्दः समीरितम् ।
देवतां हृदयांभोजे गुह्ये बीजं तु पादयोः ।। २४ ।।
शक्तिं विन्यस्य पश्चात्तु तालत्रयरवात्ततः ।
दिग्बंधं कारयेत्पश्चाच्छोटिकाभिस्त्रिभिर्नरः ।। २५ ।।
प्राणायामं ततः कृत्वा मूलमन्त्रमनुस्मरन् ।
मातृकां विन्यसेद्देहे तत्प्रकारस्तथोच्यते ।। २६ ।।
ॐ अं नम इति प्रोच्य न्यसेच्छिरसि मंत्रवित् ।
एवमेव तु सर्वेषु न्यसेत्स्थानेषु वै मुने ।। २७ ।।
मूलमन्त्रषडंगं च न्यसेदंगेषु सत्तमः ।
अंगुष्ठादिष्वंगुलीषु हृदयादिषु च क्रमात् ।। २८ ।।
नमः स्वाहावषड्युक्तैर्हुं वौषट्फट्पदान्वितैः ।
प्रणवादियुतैर्मन्त्रैः षड्भिरेवं षडंगकम् ।। २९ ।।
वर्णन्यासादिकं पश्चान्मूलमंत्रस्य योजयेत् ।
स्थानेषु तत्तत्कल्पोक्तेष्विति न्यासविधिः स्मृत ।। ३० ।।
ततो निजे शरीरेऽस्मिंश्चिंतयेदासनं शुभम् ।
दक्षांसे च न्यसेद्धर्मं वामांसे ज्ञानमेवच ।। ३१ ।।

वामोरौ चापि वैराग्यं दक्षोरावथ विन्यसेत् ।
ऐश्वर्यं मुखदेशे तु मुनेध्यायेदधर्मकम् ।। ३२ ।।
वामपार्श्वनाभिदेशे दक्षपार्श्वं तथा पुनः ।
नञ्चार्दींश्चापि ज्ञानादीन्पूर्वोक्तानेव विन्यसेत् ।। ३३ ।।
पादा धर्मादयः प्रोक्ता पीठस्य मुनिसत्तम ।
अधर्माद्यास्तु गात्राणि स्मृतानि मुनिपुंगवैः ।। ३४ ।।
मध्येऽनंतं हृदि स्थाने न्यसेन्मृद्वासने स्थले ।
प्रपंचपद्म विमलं तस्मिन्सूर्येन्दुपावकान् ।। ३५ ।।
न्यसेत्कलायुतान्मंत्री संक्षेपात्तावदाम्यहम् ।
सूर्यस्य द्वादश कलास्ता इंदोः षोडश स्मृताः ।। ३६ ।।
दशवह्नेःकलाः प्रोक्तास्ताभिर्युक्तांस्तुतान्स्मरेत् ।
सत्त्वं रजस्तमश्चैव न्यसेत्तेषामथोपरि ।। ३७ ।।
आत्मानमंतरात्मानं परमात्मानमेव च ।
ज्ञानात्मानं न्यसेद्विद्वानित्थं पीठस्य कल्पना ।। ३८ ।।
अमुकासनाय नमः इति मंत्रेण साधकः ।
आसनं पूजयित्वा तु तस्मिन्ध्यायेत्परांबिकाम् ।। ३९ ।।
कल्पोक्तविधिना मंत्री देयमंत्रस्य देवताम् ।
मानसैरुपचारैश्च पूजयेत्तां यथाविधि ।। ४० ।।
मुद्राः प्रदर्शयेद्विद्वान्कल्पोक्ता मोदकारकाः ।
याभिर्विरचिताभिस्तु मोदो देव्यास्तु जायते ।। ४१ ।।

यह सुन कर श्रीनारायणजी बोले—सुनो उत्तम शिष्योंके लिए दीक्षा कहते हैं । जिसके विना देवता, अग्नि और गुरु आदिकी पूजा करने का मनुष्य अधिकारी नहीं हो सकता । वेद और तंत्रके जाननेवाले लोगोंने दीक्षा उसका नाम रक्खा है, जो दिव्य ज्ञान देती और पाप क्षय करती है । दीक्षा ग्रहण करनेसे बहुत फल होता

है अतः अवश्यमेव उसे ग्रहण करना चाहिये । गुरु और शिष्य दोनों माता पिता और अपने आचारसे अति शुद्ध चाहिये । जिस दिन दीक्षा देनी हो गुरु प्रातःकाल उठकर सम्पूर्ण पुरीषोत्सर्गादि कृत्य कर स्नान सन्ध्यादि यथाविधि कर कमण्डलु हाथमें ले मौनव्रत धारण किये हुए नदीके तटसे गृहको आये और यज्ञस्थानमें उत्तम आसनपर बैठे । आचमन प्राणायाम कर कमण्डलुमें चन्दन-पुष्पादि छोड़ सात बार फट् इस मंत्रको जपे फिर यही मंत्र पढ़ता हुआ उस जलसे सब मंडपके द्वार सींच दे, जो मंत्र ग्रहण करनेके लिये १६ हाथका बनाना चाहिये । उसके बाद पूजा आरम्भ करे । द्वारके उत्तरङ्गमें गणेश लक्ष्मी सरस्वतीकी पूजा गंध पुष्पादिसे करे, द्वारके दक्षिणवाले बाजूमें गङ्गा और गणेशकी पूजा करे, बायें बाजूमें क्षेत्रपाल और यमुनाकी पूजा करे । चौखटमें फट् मंत्रसे फट् देवताकी पूजा की जाये । फिर सब देवीमय चिन्तन कर सब कहीं पूजा कर दे और फट् मंत्र जप कर सब विघ्न दूर करे । इससे अन्तरिक्षगत विघ्न दूर होंगे । पादघातसे पृथ्वीके विघ्न दूर करे, बायें बाजूको पकड़ प्रथम दांया चरण चौखटके उस पार धरे । मंडपमें प्रवेश करके कलशस्थापन कर सामान्य जल भरे, उस अर्घ्यजलसे नैर्ऋत्य दिशामें वास्तुनाथ ब्रह्माजीकी पूजा करे, उसके बाद पंचगव्य बनाकर गरु तोरण यज्ञस्तम्भपर्यंत उससे पोंछ दे । देवीमय ध्यान करके फट् मंत्र और मूल मंत्रसे प्रोक्षण करे । फट् इसी मंत्रसे यज्ञभूमिको ताडन करे, फिर हुं मंत्रोच्चारण करके सेंक करे, फिर धूप करके लावा, चन्दन, सरसों, राख, दूब और अक्षत जिनकी विकर संज्ञा है उसे मंडलमें बिखेरकर कुशकी बढ़नीसे बुहार डाले, ईशानकोणमें एकट्ठा करके फिर पुण्याहवाचन करके जो दीन और अनाथ कोई मनुष्य वहां आये हों उन्हें संतुष्ट करे और उस लावा आदिके ऊपर

बढ़नी रख दे, फिर अपने गुरुको नमस्कार कर पूर्वमुख हो कोमल आसनपर बैठे । जो मन्त्र सुनाना है उसके देवताका ध्यान कर तदुपरान्त भूतशुध्यादि करके फिर जो मन्त्र देना है उसके ऋष्यादि न्यास कर, जो मंत्रका ऋषि हो उसे शिरमें न्यास कर, मुखमें छन्द, हृदयकमलमें देवता, गुह्यमें बीज, पादमें शक्ति, फिर तीन ताल बजाके दिग्बंधन करे । मूलमंत्रका प्राणायाम कर मातृकान्यास करे । उसकी विधि कहते हैं । अं नमः यह कह शिरमें न्यास करे, इसी प्रकार आं नमः, इं नमः आदि करे, फिर इसी मूलमंत्रका षडंग न्यास करे । अंगुली और हृदयादि क्रमसे हृदयाय नमः, शिरसे स्वाहा, शिखायै, वषट्, कवचाय हुम्, नेत्रत्रयाय वौषट्, अस्त्राय फट्, इस क्रमसे षडंग न्यास करे । फिर मूलमंत्रके वर्ण यथा स्थानमें न्यास करे । यही न्यासविधि है । अपने शरीरमें आसन कल्पना कर दाहिने धर्म बायेंमें ज्ञानका न्यास करे । बाई ऊरुमें वैराग्य, दाहिनीमें ऐश्वर्य, मुखमें अधर्मका, यथा वाम पार्श्वमें अधर्माय नमः, नाभिमें अवैराग्याय नमः, दक्षिण पार्श्वमें अज्ञानाय नमः, और अनैश्वर्याय नमः । पीठके धर्मादि पाद हैं, अधर्मादि अंग, उस पीठ अर्थात् पलंगके विस्तरे पर अनन्तका न्यास करे । उस अनन्तमें प्रपंचकमलका ध्यान कर फिर उस कमलमें सूर्य चन्द्र और अग्निका न्यास करना चाहिये । इन सबका कलासहित न्यास करे । इनकी कला संक्षेप से कहते हैं । सूर्यको १२ कला, चन्द्रमाको १६, अग्निको १० कलायुक्त स्मरण करना चाहिये । उनके ऊपर सत्त्वादिगुणोंका न्यास करे और आत्मा, अन्तरात्मा, परमात्मा, ज्ञानात्मा इनका न्यास पूर्वादि दिशाओंमें करे । अमुकासनाय नमः यह कहकर आसनकी पूजा करके उसपर पराम्बिकाका ध्यान करके फिर जो मंत्र देना हो उस देवताकी

मानसिक पूजा कर फिर मुद्रा दिखाये जिससे देवी आनंदित होती हैं ।। ४-४१ ।।

श्रीनारायण उवाच

ततः स्ववामभागाग्रे षट्कोणो परिवर्त्तुलम् ।
चतुरस्त्रयुतं सम्यङ्ग मध्ये मंडलमालिखेत् ।। ४२ ।।
मध्ये त्रिकोणं संलिख्य शंखमुद्रां प्रदर्शयेत् ।
षडंगानि च षट्कोणेष्वर्चयेत्कुसुमादिभिः ।। ४३ ।।
अग्न्यादिषु तु कोणेषु षडंगार्चनमाचरेत् ।
आधारपात्रमादाय शंखस्य मुनिसत्तम ।। ४४ ।।
अस्त्रमंत्रेण संप्रोक्ष्य स्थापयेत्तत्रमंडले ।
मं वह्निमंडलायोक्त्वा ततो दशकलात्मने ।। ४५ ।।
अमुकदेव्या अर्घ्यपात्रस्थानाय नम इत्यपि ।
मंत्रोऽयमुक्तःशंखस्याप्याधारस्थापनेबुधैः ।। ४६ ।
आधारे पूर्वमारभ्य प्रदक्षिणक्रमेण तु ।
दशवह्निकलाः पूज्या वह्निमंडलसंस्थिताः ।। ४७ ।।
ततो वै मूलमंत्रेण प्रोक्षितं शंखमुत्तमम् ।
स्थापयेत्तत्र चाधारे मूलमंत्रमनुस्मरन् ।। ४८ ।।
अं सूर्यमंडलायोक्त्वा द्वादशांते कलात्मने ।
अमुकदेव्यर्घपात्राय नम इत्युच्चरेत्ततः ।। ४९ ।।
शं शंखाय पदं प्रोच्य नम इत्येतदुच्चरेत् ।
प्रोक्षयेत्तेन तं शंखं तस्मिन्द्वादश पूजयेत् ।। ५० ।।
सूर्यस्य द्वादश कलास्तपिन्याद्या यथाक्रमम् ।
विलोममातृकां प्रोच्य मूलमंत्रं विलोमकम् ।। ५१ ।।
जलैरापूरयेच्छंखं तत्र चेन्दोः कलां न्यसेत् ।
ॐ सोममंडलायोक्त्वा ते षोडशकलात्मने ।। ५२ ।।

अमुकार्घ्यमृतायेति हृन्मंत्रांतो मनुः स्मृतः ।
पूजयेन्मनुना तेन जलं तु सृणिमुद्रया ।। ५३ ।।
तीर्थान्यावाह्य तत्रैवाप्यष्टकृत्वो जपेन्मनुम् ।
षडंगानि जले न्यस्य हृदा संपूजयेदपः ।। ५४ ।।
अष्टकृत्वो जपेन्मूलं छादयेन्मत्स्यमुद्रया ।
ततो दक्षिणदिग्भागे शंखस्य प्रोक्षणीं न्यसेत् ।। ५५ ।।
शंखांबुकिंचिन्निक्षिप्य प्रोक्षयेत्तेन सर्वतः ।
पूजाद्रव्यं निजात्मानं विशुद्धं भावयेत्ततः ।। ५६ ।।

उसके बाद अपने वाम भागमें षट्कोण वनाये । उसके ऊपर गोलाकार बनाकर उसपर चौकोना चन्दनसे बना कर मध्यमें त्रिकोण लिखकर शंखमुद्रा दिखाये । फिर छहों कोणोंमें दिये जाने वाले मंत्रके षडंगोंकी पूजा करे । वह अग्न्यादि कोणोंमें होगी, तव शंखके नीचेके पात्रको ले फट्मंत्रसे पोंछे और मंडलमें स्थापित करे । मं वह्निमंडलाय दशकलात्मने दुर्गादिव्यर्थपात्रस्थापनाय नमः, यह शंखके आधारपात्र स्थापनका मंत्र है । आधारमें पूर्वादि दिशाके क्रमसे अग्निकी दश कलाओंकी पूजा करे । शंख को पोंछ कर मूल-मंत्रको स्मरण करते हुए आधारमें स्थापित करे । अं सूर्यमण्डलाय द्वादशकलात्मने दुर्गादिव्यर्थयोगाय नमः, यह पढ़ फिर शं शंखाय नमः, यह मन्त्र कह, शंखपर जल छिड़के उसपर सूर्यकी १२ कला तपनी आदि की यथाक्रम पूजा करे । उलटी मातृका और मूलमंत्र पढ़कर जलसे शंख पूरित करे, उसपर चन्द्रमाकी १६ कला स्थापित कर, उसका मन्त्र यह है–ॐ सोममण्डलाय षोडशकलात्मनेदुर्गादिव्यर्घ्या-मृताय हृदयाय नमः, इस मंत्रसे कुशमुद्रासे जलकी पूजा करे, उसीमें तीर्थावाहन कर ८ बार मन्त्र जप जलमें षडङ्गन्यास करे और हृदा

इस मन्त्रसे जलकी पूजा करे, फिर ८ बार मूलमन्त्र जपकर मत्स्य-मुद्रासे आच्छादन कर उसके दक्षिणभागमें शंखकी प्रोक्षणी धरदे, फिर शंखसे कुछ जल लेकर पूजाकी सामग्री और अपने ऊपर छिड़के ।। ४२–५६ ।।

श्रीनारायण उवाच

ततःस्वपुरतो वेद्यां सर्वतो भद्रमंडलम् ।
संलिख्यकर्णिकामध्ये पूरयेच्छालितंडुलैः ।। ५७ ।।
आस्तीर्य दर्भास्तत्रैव न्यसेत्कूर्चं सलक्षणम् ।
आधारशक्तिमारभ्य पीठमन्वंतमर्चयेत् ।। ५८ ।।
निर्व्रणं कुम्भमादायाप्यस्त्राद्भिः क्षालितांतरम् ।
तंतुना वेष्टयेत्तं तु त्रिगुणेनारुणेन च ।। ५९ ।।
नवरत्नोदरं कूर्चयुतं गंधादिपूजितम् ।
स्थापयेतत्र पीठे तु तारमंत्रेण देशिकः ।। ६० ।।
ऐक्यं कुम्भस्य पीठस्य भावयेत्पूरयेत्ततः ।
मातृकां प्रतिलोमेन जपंस्तीर्थोदकैर्मुने ।। ६१ ।।
मूलमन्त्रं च सञ्जप्य पूरयेद्देवताधिपान् ।
अश्वत्थपनसाम्राणां कोमलैर्नवपल्लवैः ।। ६२ ।।
छादयेत्कुम्भवदनं चषकं सफलाक्षतम् ।
संस्थापयेत मतिमान्वस्त्रयुग्मेन वेष्टयेत् ।। ६३ ।।
प्राणस्थापनमंत्रेण प्राणस्थापनमाचरेत् ।
आवाहनादिमुद्राभिर्मोदयेद्देवतां पराम् ।। ६४ ।।
ध्यायेत्तां परमेशानीं कल्पोक्तेन प्रकारतः ।
स्वागतं कुशलप्रश्नं देव्यग्रे च समुच्चरेत् ।। ६५ ।।
पाद्यं दद्यात्ततोऽप्यर्घं ततश्चाचमनीयकम् ।
मधुपर्कं च साभ्यंगं देव्यै स्नानं निवेदयेत् ।। ६६ ।।

वाससी च ततो दद्याद्रक्ते क्षौमे सुनिर्मले।
नानामणिगणाकीर्णानाकल्पान्कल्पयेत्ततः ॥ ६७ ॥
मनुना पुटितैर्वर्णैर्मातृकाया विधानतः।
देव्या अंगेषु विन्यस्य चंदनाद्यैः समर्चयेत् ॥ ६८ ॥
गंधः कालागरुभवः कर्पूरेण समन्वितः।
काश्मीरं चंदनं चापि कस्तूरीसहितं मुने ॥ ६९ ॥
कुन्दपुष्पादिपुष्पाणि परदेव्यै समर्पयेत्।
धूपोऽगरुपुरुभ्रातोशीरचंदनशर्कराः ॥ ७० ॥
मधुमिश्राः स्मृता देव्याः प्रिया धूपात्मना सदा।
दीपाननेकान्दत्त्वाथ नैवेद्यं दर्शयेत्सुधीः ॥ ७१ ॥
प्रतिद्रव्यं जलं दद्यात्प्रोक्षणीस्थं न चान्यथा।
ततः कुर्यादंगपूजां कल्पोक्तावरणानि च ॥ ७२ ॥
सांगां देवीमथाभ्यर्च्य वैश्वदेवं ततश्चरेत्।
दक्षिणे स्थंडिले कृत्वा तत्राधाय हुताशनम् ॥ ७३ ॥
मूर्तिस्थां देवतां तत्राऽऽवाह्य संपूज्य च क्रमात्।
तारव्याहृतिभिर्हुत्वा मूलमंत्रेण वै ततः ॥ ७४ ॥
पंचविंशतिवारं तु पासयेन सर्सपिषा।
हुनेत्पश्चाद्व्याहृतिभिः पुनश्च जुहुयान्मुने ॥ ७५ ॥
गंधाद्यैरर्चयित्वा च देवीं पीठे तु योजयेत्।
वह्निं विसृज्य हविषा परितो विकरेद्बलिम् ॥ ७६ ॥
देवतायाः पार्षदेभ्यो गंधपुष्पादिसंयुतम्।
पंचोपचारान्दत्त्वाथ तांबूलं छत्रचामरे ॥ ७७ ॥
दद्याद्देव्यै ततो मन्त्रं सहस्रावृत्तितो जपेत्।
जपं समर्प्य चैशान्यां विकिरेद्दिशि संस्थिते ॥ ७८ ॥

कर्करीं स्थापयेत्तस्यां दुर्गामावाह्य पूजयेत् ।
रक्ष रक्षेति चोच्चार्य नालमुक्तेन वारिणा ।। ७९ ।।
अस्त्रमन्त्रं जपन्देशं सेचयेत्तु प्रदक्षिणम् ।
कर्करीं स्थापयेत्स्थाने पूजयेच्चास्त्रदेवताम् ।। ८० ।।
पश्चाद्गुरुस्तु शिष्येण सह भुंजीत वाग्यतः ।
तस्यां रात्रौ तु तद्वेद्यां निद्रां कुर्यात्प्रयत्नतः ।। ८१ ।।

उसके पश्चात् अपने आगे वेदीमें सर्वतोभद्र चक्र बनाकर जडहनके चावलसे उसकी कर्णिका पूरित कर, उसपर २७ कुशका कूर्च बनाकर स्थापित करे और आधारशक्ति से मंत्रांततक पीठकी पूजा करे। फिर छिद्ररहित सुन्दर कलश स्थापन कर फट् मंत्र पढ़ जलसे साफ कर तीन तागके लाल डोरेसे उसे लपेटे और नवरत्न कूर्च्च गन्धादि उसमें डाले, डालनेके समय तारमंत्र (ॐकार) पढ़े और क्षकारसे लेकर अकारपर्यंत उलटे अक्षर पढ़कर कुम्भको पीठ पर धरे। तीर्थजलसे पूरित कर और मूलमंत्र पढ़कर देवतामें चित्त लगाकर पीपर, कटहर, आम्रके कोमल पल्लवोंसे पूरित करे फिर उसे दो वस्त्रोंसे मूंदे, फिर उसमें प्राणप्रतिष्ठाकी रीतिसे आवाहनादि करे और मुद्रा दिखाकर देवताकी पूजा करे। जैसा कल्पमें कहा है उस विधानसे भगवतीका ध्यान करे। जब भगवतीको वहां आई समझे तो कुशल प्रश्न जैसा चाहे देवी के आगे कहे। फिर क्रमसे पाद्य, आचमनीय, मधुपर्क, अभ्यंग, स्नान, वस्त्र अरुण-रेशमी दो, मातृका-वर्णोंसे सम्पुटित मंत्रसे भलीभांति पूजा करे। गुग्गुलादि गंध कर्पूर संयुक्त कश्मीर (केसर) चन्दनादि कस्तूरी लेपन कुन्दादि पुष्प परादेवीको अर्पण करे। अगरू, कर्पूर, उशीर, चन्दन, शर्करादि की धूप दे, उसमें मधु भी डाल ले, यह धूप देवीको बहुत प्रिय है, अनेक दीप बाल फिर नैवेद्य लगाये। प्रत्येकके पीछे प्रोक्षणीपात्रहीका

जल छोड़े, उसके बाद कल्पोक्त अंग और आवरणपूजा करे, सांग देवीकी पूजा करे, वैश्वदेव करे जिसका क्रम यह है, दक्षिण ओर चौतरा बनाके उसपर अग्नि स्थापन करे उसमें मूर्त्तिस्थ देवताका आवाहन कर पूजा करे, फिर ओंकारसहित व्याहृतियोंसे मूल मंत्र पढ़कर आहुति दे, २५ आहुति जाउरि की दे फिर अन्य साकल्यसे तदनुगंधादिसे देवीकी पूजा कर पीढ़ेपर बैठाये । अग्निका विसर्जन कर चारों ओरसे ककरी आदिकी बलि दे, फिर देवताके पार्षदोंकी पंचोपचार पूजा करे, फिर देवीके सम्मुख सहस्रवार मंत्र जपे, जप समर्पण कर ईशानकोणमें शर्क्करी धर उसपर दुर्गाकी पूजा आवाहनादिपूर्वक करे । रक्ष २ कहे । फट् मंत्र पढ़करसब भूमि सींच दे । पश्चात् गुरु शिष्यके साथ भोजन कर, उस रात्रिमें उसी वेदीपर गुरु शयन करे ।। ५७–८१ ।।

श्रीनारायण उवाच

ततः कुण्डस्य संस्कारं स्थण्डिलस्य च वा मुने ।
प्रवक्ष्यामि समासेन यथाविधि विधानतः ।। ८२ ।।
मूलमंत्रं समुच्चार्य वीक्षयेदस्त्रमंत्रतः ।
प्रोक्षयेत्ताडनं कुर्यात्तेनैव कवचेन तु ।। ८३ ।।
अभ्युक्षणसमुद्दिष्टं तिस्रस्तिस्रस्ततः परम् ।
प्रागग्रा उदगग्राश्च लिखेल्लेखाः समंततः ।। ८४ ।।
प्रणवेन समभ्युक्ष्य पीठं देव्याः समर्चयेत् ।
आधारशक्तिमारभ्य पीठमंत्रावसानकम् ।। ८५ ।।
तस्मिन्पीठे समावाह्य शिवौ परमकारणौ ।
गंधाद्यैरुपचारैश्च पूजयेत्तौ समाहितः ।। ८६ ।।
देवीं ध्यायेदृतुस्नातां संसक्तां शंकरेण तु ।
कामातुरां तयोः क्रीडां किञ्चित्कालं विभावयेत् ।। ८७ ।।

अथ वह्निं समादाय पात्रेण पुरतो न्यसत् ।
क्रव्यां दासं परित्यज्य पूर्वोक्तैर्वीक्षणादिभिः ।। ८८ ।।
संस्कृत्य वह्निरंबीजमुच्चार्य तदनंतरम् ।
चैतन्यं योजयेत्तस्मिन्प्रणवेनाभिमंत्रयेत् ।। ८९ ।।
सप्तवारं ततो धेनुमुद्रां संदर्शयेद्गुरुः ।
शरेण रक्षितं कृत्वा तनुत्रेणावगुंठयेत् ।। ९० ।।
अर्चितं त्रिः परिभ्राम्य प्रादक्षिण्येन सत्तमः ।
कुंडोपरि जपंस्तारं जानुस्पृष्टमहीतलः ।। ९१ ।।
शिवबीजधिया देव्या योनौ वह्निं विनिक्षिपेत् ।
आचामयेत्ततो देवं देवीं च जगदम्बिकाम् ।। ९२ ।।
चिंतिपगल हन देह पचयुग्मं ततः परम् ।
सर्वज्ञाज्ञापय स्वाहा मंत्रोऽयं वह्निदीपने ।। ९३ ।।
अग्नि प्रज्वलितं वन्दे जातवेदं हुताशनम् ।
सुवर्णवर्णममलं समिद्धं विश्वतो मुखम् ।। ९४।।
मंत्रेणानेन तं वह्निं स्तुवीत परमादरात् ।
ततो न्यसेद्वह्निमंत्रं षडंगं देशिकोत्तमः ।। ९५ ।।
सहस्त्रार्चिः स्वस्तिपूर्णं उत्तिष्ठ पुरुषः स्मृतः ।
धूम्रव्यापी सप्तजिह्वो धनुर्धर इति क्रमात् ।। ९६ ।।
जातियुक्ताः षडंगाः स्युः पूर्वस्थानेषु विन्यसेत् ।
ध्यायेद्वह्निं हेमवर्णं त्रिनेत्रं पद्मसंस्थितम् ।। ९७ ।।
इष्टशक्तिस्वस्तिकाभिधारकं मंगलं परम् ।
परिषिंचेत्ततः कुण्डं मेखलोपरि मंत्रवित् ।। ९८ ।।
दर्भैः परिस्तरेत्पश्चात्परिधीन्विन्यसेदथ ।
त्रिकोणवृत्तं षट्कोणं साष्टपत्रं सभपुरम् ।। ९९ ।।

यन्त्रं विभावयेद्वह्नेः पूर्वं वा संलिखेदथ ।
तन्मध्ये पूजयेद्वह्निं मंत्रेणानेन वै मुने ।। १०० ।।
वैश्वानरस्ततो जातवेदः पश्चादिहावह ।
लोहिताक्ष पदं प्रोक्त्वा सर्वकर्माणि साधय ।। १ ।।
वह्नि जायांतको मन्त्रस्तेन वह्निं तु पूजयेत् ।
मध्ये षट्स्वपि कोणेषु हिरण्या गगना तथा ।। २ ।।
रक्ता कृष्णासुप्रभा च बहुरूपातिरक्तिका ।
पूजयेत् सप्तजिह्वास्ताः केसरेष्वंगपूजनम् ।। ३ ।।
दलेषु पूजयेन्मूर्त्तीः शक्तिस्वस्तिकधारिणीः ।
जातवेदाः सप्तजिह्वो हव्यवाहन एव च ।। ४ ।।
अश्वोदरजसंज्ञोऽन्यः पुनर्वैश्वानराह्वयः ।
कौमारतेजाः स्याद्विश्वमुखो देवमुखः स्मृतः ।। ५ ।।
तारागनये पदाद्याः स्युर्नत्यंता वह्नि मूर्तयः ।
लोकपालांश्चतुर्दिक्षु वज्राद्यायुधसंयुतान् ।। ६ ।।

अब कुण्ड और चौतरेके संस्कार बताते हैं। मूल मंत्र पढ़कर कुण्ड देखकर फट् मंत्रसे छिड़के जल और उसी मंत्रसे पीठ पाट दे । तीन २ बार जलसे सींचकर ओंकारसे देवीके पीठकी पूजा करे, आधारशक्तये नमः अमुकदेवीपीठाय नमः यह पढ़ पीठकी कुण्डमें पूजा करे । उस पीठपर शिव पार्वतीका आवाहन कर गन्धादि सामग्रीसे पूजा करे, उससमय ऋतुस्नान किये हुए, महादेवजीमें चित्त लगाये और कामातुर ऐसी देवीका कुछ कालतक ध्यान करे। फिर पात्रमें अग्नि रखकर उसे देख–भालकर संस्कार कर रंबीज कह उसमें ओंकार कहकर ७ बार चैतन्य योजित करे । तब गुरु धेनुमुद्रा दिखाये, फट् मंत्रसे रक्षा करे, हुं मंत्रसे अवगुण्ठित करे । इस प्रकार गंधादि से पूजा कर अग्निको कुण्डपर तीन बार घुमाकर

ओंकार जपता हुआ मानो देवीकी योनिमें शिवका बीज पड़ता है ऐसा समझकर देवीकी योनिमें अग्नि छोड़े। तदनन्तर महादेव पार्वती दोनोंको आचमन कराये 'हन २ दह २ पच २ सर्वज्ञाज्ञापय स्वाहा' इस मंत्रसे अग्निकुण्डमें छोड़े, जब अग्नि प्रज्वलित हो तब यह मंत्र पढ़े, 'अग्निं प्रज्वलितं वन्दे जातवेदं हुताशनम्। सुवर्णवर्णममलं समिद्धं विश्वतोमुखम्॥' इस मंत्रसे परमादरपूर्वक अग्निकी स्तुति करे। तब अग्निमंत्रका षडंगन्यास करे, अंग ये हैं सहस्राचि स्वस्ति-वर्ण उत्तिष्ठपुरुष धूमव्यापी सप्तजिह्व धनुधरये षडंग नमः स्वाहा वषट् आदि सहित हों फिर अग्निका सुवर्णरूप त्रिनेत्र पद्मासन ध्यान करे, तब कुण्डमेखलाके ऊपर सींचे, फिर बगलमें कुश बिछाये फिर त्रिकोण षट्कोण अष्टपत्र इस प्रकारका अग्नियंत्र जाने। उसके मध्यमें नीचे लिखेहुए मंत्रसे अग्निकी पूजा करे, 'वैश्वानर-स्ततो जातवेदः पश्चादिहावह। लोहिताक्षपदं प्रोक्त्वा सर्वकर्माणि साधय॥' षट्कोण के मध्य हिरण्या, गगना, रक्ता, कृष्णा, सुप्रभा बहुरूपा, अतिरक्तिता, ये ७ अग्निकी जिह्वा हैं, इनकीभी पूजा करनी चाहिये। दलोंमें इन मूर्तियोंकी भी पूजा हो,जातवेद,सप्तजिह्व, हव्यवाहन, अश्वोदरजसंज्ञ, वैश्वानर, कौमारतेजाः, विश्वमुख, देवमुख। इनके पूजनका मंत्र ॐ अग्नये जातवेदसे नमः और वज्रादि आयुध धारण किये हुए लोकपालोंकी पूजा करे॥ ८२–१०६॥

श्रीनारायण उवाच

ततः स्रुक्स्रुवसंस्कारावाज्यसंस्कार एव च।
कृत्वा होमं ततः कुर्यात्स्रुवेणादाय वै घृतम्॥ ७॥
दक्षिणाद्घृतभागात्तु वह्नेर्दक्षिणलोचने।
जुहुयादग्नये स्वाहेत्येवं वै वामतोऽन्यतः॥ ८॥

सोमाय स्वाहेति मध्यात्तु घृतमादाय सत्तम।
अग्नीसोमाभ्यां स्वाहेति मध्यनेत्रे हुनेत्ततः ॥ ९ ॥
पुनर्दक्षिणभागात्तु घृतमादाय वै मुखे।
अग्नये स्विष्टकृते स्वाहेत्यनेनैव हुनेत्ततः ॥ ११०॥
सताराभिर्व्याहृतिर्भिजुहुयादथ साधकः।
जुहुयादग्निमंत्रेण त्रिवारं तु ततः परम् ॥ ११ ॥
ततस्तु प्रणवेनैवाऽप्यष्टावष्टौ घृताहुतीः।
गर्भाधानादिसंस्कारकृते तु जुहुयान्मुने ॥ १२ ॥
गर्भाधानं पुंसवनं सीमंतोन्नयनं ततः।
जातकर्म नामकर्माप्युपनिष्क्रमणं तथा ॥ १३ ॥
अन्नप्राशन तथा चूडा व्रतबन्धं तथैव च।
महानाम्न्यं व्रतं पश्चात्तथौपनिषदं व्रतम् ॥ १४ ॥
गोदानोद्वाहकौप्रोक्ताःसंस्काराः श्रुतिचोदिताः।
ततः शिवं पार्वतीं च पूजयित्वा विसर्जयेत् ॥ १५ ॥
जुहुयात्पंचसमिधो वह्निमुद्दिश्य साधकः।
पश्चादावरणानां चाप्येकैकामाहुतिं हुनेत् ॥ १६ ॥
घृतंशुचि समादाय चतुर्वारं स्रुवेण च।
पिधाय तां तु तेनैव मुने तिष्ठन्निजासने ॥ १७ ॥
वौषडंतेन मनुना वह्नेस्तु जुहुयात्ततः।
महागणेशमंत्रेण जुहुयादाहुतीर्दश ॥ १८ ॥
वह्नौ पीठं समभ्यर्च्य देयमंत्रस्य देवताम्।
वह्नौ ध्यात्वा तु तद्वक्त्रे पञ्चविंशतिसंख्यया ॥ १९ ॥
मूलमंत्रेण जुहुयाद्वक्त्रेकीकरणायच।
वह्निदेवतयोरैक्यं भावयन्नात्मना सह ॥ १२० ॥

एकीपूतं भावयेत्तु ततस्तु साधकोत्तमः ।
षडंगं देवतानां च जुहुयादाहुतीः पृथक् ।। २१ ।।
एकादशैव जुहुयादाहुतीर्मुनिसत्तम ।
एतेन नाडीसन्धानं वह्निदेवतयोर्मुने ।। २२ ।।
एकैकक्रमयोगेनाप्यावृत्तीनां तथैव च ।
एकैकक्रमयोगेन घृतेन जुहुयान्मुने ।। २३ ।।
ततः कल्पोक्तद्रव्यैस्तु जुहुयादथवा तिलैः ।
देवतामूलमंत्रेण गजांतकसहस्रकम् ।। २४ ।।
एवं हुत्वा ततो देवीं संतुष्टां भावयेन्मुने ।
तथैवाऽऽवृतिदेवीश्च वह्न्याद्या देवता अपि ।। २५ ।।
ततः शिष्यं च सुस्नातं कृतसंध्यादिकक्रियम् ।
वस्त्रद्वययुतं स्वर्णाभरणेन समन्वितम् ।। २६ ।।
कमण्डलुकरं शुद्धं कुण्डस्यांतिकमानयेत् ।
नमस्कृत्य ततः शिष्योगुरूनथ सभासदः ।। २७ ।।
कुलदेवं नमस्कृत्यविशेतत्राऽथ विष्टरे ।
गुरुस्ततस्तु तं शिष्यं कृपादृष्ट्या विलोकयेत् ।। २८ ।।
तच्चैतन्यं निजे देहे भावयेत्संगतं त्विति ।
ततः शिष्यतनुस्थानामध्वनां परिशोधनम् ।। २९ ।।
कुर्यात्तु होमतो विद्वान् द्विव्यदृष्ट्यवलोकनात् ।
येन जायेत शुद्धात्मा योग्यो देवाद्यनुग्रहे ।। १३० ।।

उसके बाद श्रुवा द्वारा आज्यसंस्कार कर श्रुवसे घृत की आहुति दे, घृतके दक्षिणभागसे अग्निके दक्षिणलोचनमें हुने, ॐ अग्नये स्वाहा इत्यादि मंत्रसे । ॐ सोमाय स्वाहा इससे मध्य भाग घृतसे अग्निसोमाभ्यां स्वाहा इससे मध्य नेत्रमें, फिर दक्षिण भागसे

घृत लेकर अग्निके मुखमें अग्नये स्विष्टकृते स्वाहा, फिर ॐ भूः ॐ भुवः स्वाहा इत्यादिसे आहुति करे, फिर तीन वार पूर्वोक्त अग्नि-मंत्रसे आहुति दे, फिर आठ बार प्रणवसे दे, फिर गर्भाधानादि संस्कार करनेके लिए आहुति दे, वे संस्कार ये हैं—गर्भाधान, पुंसवन, सीमन्त, उन्नयन, जातकर्म, नामकर्म, निष्कासन, अन्नप्राशन, चूडाकर्म, व्रत-बन्ध, महानाम्न्यव्रत, उपनिषद्व्रत, गोदान, दाह, ये वेद कथित संस्कार हैं। तब शिव पार्वतीकी पूजा कर विसर्जन करे। फिर समिधा अग्निके लिये, फिर एक २ आवरणोंकी आहुति अग्नि के मंत्रसे, फिर १० महागणेशके मंत्रोंसे दे, अग्निमें पीठकी पूजा कर सुनानेवाले मंत्रके देवताका ध्यान अग्निमुखमें करे और २५ मूल-मंत्रसे आहुति दे। अग्नि और देवताका एक मुख करनेके लिए भावना अपने साथ करे। जब एकीभूत जाने तो षडङ्ग देवताओंके नामसे आहुति दे। इस हवनसे अग्नि और अभीष्ट देवताकी एकता हो जाती है, फिर एक-एक देवता के लिए एक-एक मंत्रसे आहुति दे, फिर शेष साकल्य एवं तिलसे देवीके अष्टोतर सहस्रनामसे हवन करे। इस प्रकार हवन करके देवी, आवृत्तिदेवी, अग्नि इन सबको संतुष्ट समझे। उसके बाद स्नान, संध्यादि किये, द्वयवस्त्र धारण किये, स्वर्णके आभरण पहिने हुए, कमण्डलु हाथमें लिये, शुद्धचित्त शिष्यको गुरु कुण्डके निकट बुलाये तब शिष्य, गुरु, सभासद, कुलदेव इनको नमस्कार कर आसनपर बैठे। तब गुरु उस शिष्यको कृपादृष्टिसे देखे और उसको अपना ही आत्मा समझे, कि मानो हम और शिष्य एकही हैं, उसके पश्चात् शिष्यके शरीरमें अध्वाका शोधन करे जिनको आगे गिनायेंगे, होम करके उनकी शुद्धि होती है उसे करे, जिससे कि शिष्य शुद्धात्मा होकर देवताओंके अनुग्रहके योग्य हो ॥ १०७–१३० ॥

श्रीनारायण उवाच

तनौ ध्यायेत्तु शिष्यस्य षडध्वानः क्रमेण तु ।
पादयोस्तु कलाध्वानमन्धौ तत्त्वाध्वकं पुनः ।। ३१ ।।
नाभौ त भुवनाध्वानं वर्णाध्वानं तथा हृदि ।
पदाध्वानं तथा भाले मंत्राध्वानंच मूर्द्धनि ।। ३२ ।।
शिष्यं स्पृशंस्तु कूर्चेन तिलैराज्यपरिप्लुतैः ।
शोधयाम्यमुमध्वानं स्वाहेति मनुमुच्चरन् ।। ३३ ।।
ताराढ्यं जुहुयादष्टवारं प्रत्यध्वमेव हि ।
षडध्वनस्ततस्ते तु लीलान्ब्रह्मणि भावयेत् ।। ३४ ।।
पुनरुत्पादयेत्तस्मात्सृष्टिमार्गेण वै गुरुः ।
आत्मस्थितं तच्चैतन्यं पुनः शिष्ये तु योजयेत् ।। ३५ ।।
पूर्णाहुतिं ततो हुत्वा देवतां कलशे नयेत् ।
पुनर्व्याहृतिभिर्हुत्वा वह्नेरंगाहुतीस्तथा ।। ३६ ।।
एकैकशो गुरुर्दत्त्वा विसृजेद्वह्निमात्मनि ।
ततः शिष्यस्य नेत्रे तु बध्नीयाद्वाससा गुरुः ।। ३७ ।।
नेत्रमंत्रेण तं शिष्यं कुण्डतो मण्डलं नयेत् ।
पुष्पांजलिं मुख्यदेव्यां कारयेच्छिष्यहस्ततः ।। ३८ ।।
नेत्रबन्धं निराकृत्य वेशयेत्कुशविष्टरे ।
भूतशुद्धिं शिष्यदेहे कुर्यात्प्रोक्तेन वर्त्मना ।। ३९ ।।
मंत्रोदितांस्तथा न्यासान्कृत्वा शिष्यतनौ ततः ।
मंडले वेशयेच्छिष्यमन्यस्मिन्कुंभसंस्थितान् ।। १४० ।।
पल्लवाञ्छिष्यशिरसि विन्यसेन्मातृकां जपेत् ।
कलशस्थजलैः शिष्यं स्नापयेद्देवतात्मकैः ।। ४१ ।।
वर्धनीजलसेकं च कुर्याद्रक्षार्थमंजसा ।
ततः शिष्यः समुत्थाय वाससी परिधाय च ।। ४२ ।।

कृतभस्मावलेपश्च संविशेद्गुरुसन्निधौ।
ततो गुरुः स्वकीयात्तु हृदयान्निर्गतां शिवाम् ॥ ४३ ॥
प्रविष्टां शिष्यहृदये भावयेत्करुणानिधिः।
पूजयेद्गंधपुष्पाद्यैरैक्यं वै भावयंस्तयोः ॥ ४४ ॥
ततस्त्रिशो दक्षकर्णे शिष्यस्योपदिशेद्गुरुः।
महामंत्रं महादेव्याः स्वहस्तं शिरसि न्यसन् ॥ ४५ ॥
अष्टोत्तरशतं मंत्रं शिष्योऽपि प्रजपेन्मुने।
दंडवत्प्रणमेद्भूमौ तं गुरुं देवतात्मकम् ॥ ४६ ॥
सर्वस्वमर्पयेत्तस्मै यावज्जीवमनन्यधीः।
ऋत्विग्भ्यो दक्षिणां दत्वा ब्राह्मणांश्चाहि भोजयेत् ॥ ४७ ॥
सुवासिनीः कुमारीश्च बटुकांश्चैव सर्वशः।
दीनानाथान् दरिद्रांश्च वित्तशाठ्यविवर्जितः ॥ ४८ ॥
कृतार्थतां स्वस्य बुद्ध्वा नित्यमाराधयेन्मनुम्।
इति ते कथितः सम्यग्दीक्षाविधिरनुत्तमः ॥ ४९ ॥
विमृश्यैतदशेषेण भज देवीपदांबुजम्।
नान्यस्तु परमो धर्मो ब्राह्मणस्याऽत्र विद्यते ॥ १५० ॥
वैदिकः स्वस्य गृह्योक्तक्रमेणोपदिशेन्मनुम्।
तांत्रिकस्तंत्ररीत्या तु स्थितिरेषा सनातनी।
तत्तदुक्तप्रयोगस्ते ते ते कुर्युर्न चान्यथा ॥१५१ ॥

अध्वा छः हैं उनका चिन्तन शिष्यके शरीरमें करनी चाहिये, यथा पादमें कलाध्वा, लिंगमें तत्वाध्वा, नाभिमें भुवनाध्वा, हृदयमें वर्णाध्वा, मस्तकमें पदाध्वा, मूंडमें मंत्राध्वा, शिष्यको कूर्चसे स्पर्श कर मंत्र पढ़े और विचार करे कि इसके अध्वा शुद्ध हों। उस समय पढ़नेका मंत्र यह है—ॐ अस्य शिष्यस्य कलाध्वानं शोधियामि स्वाहा

इस मंत्रको ८ बार पढ़े।इस प्रकार प्रत्येक अध्वाका नाम लेकर करे। छः अध्वा ब्रह्ममें लीन समझकर और फिर सृष्टिमार्गसे उत्पन्न करके आत्मस्थिति चैतन्य शिष्यमें योजित करे। फिर पूर्णाहुति करके देवताको कलशमें विसर्जन करे, फिर व्याहृति होम अग्न्यंग हवन करे। एक २ को आहुति देकर गुरु अपनेमें सबको विसर्जित करे, फिर शिष्यके नेत्रोंमें अपने हाथसे कपड़ा बांध दे, बांधनेके समय वौषट् इसको पढ़े, फिर कुण्डके निकटसे कलशके पास शिष्यको ले जाये, मुख्य देवीके आगे शिष्यसे पुष्पांजलि कराये तब नेत्र खोलकर कुशके विष्टरपर बैठा दे। शिष्यके देहमें भूतशुद्धि करे, जो मन्त्र देता है उसके न्यास शिष्यके देहमें करे, फिर अन्य मण्डलपर शिष्यको बैठाये, मातृका पढ़कर के कुम्भके पल्लव शिष्यके शिरपर धरे, कलशके जलसे स्नान कराकर, फिर वर्द्धनीजलसे सींचे तब शिष्य उठकर अन्य वस्त्रद्वय पहिने और देहमें भस्म लगाकर गुरुके निकट जाये, तब गुरु अपने हृदयसे निकली हुई देवीको शिष्यके हृदयमें प्रवेश करती हुई समझे और गन्धादिसे देवता और शिष्यको एक जानकर पूजा करे, तब अपना दक्षिण हाथ शिष्यके मस्तकपर धर दक्षिण कर्णमें मंत्र सुनाये। उसी समय शिष्य अष्टोत्तर शत बार मंत्र जपे, फिर देवतारूप गुरुको प्रणाम करे, सर्वस्व गुरुके अर्पण कर दे, ऋत्विक् लोगोंको दक्षिणा दे, ब्राह्मणोंको भोजन कराये और सुवासिनी, कुमारी, बटुकोंकोभी भक्तिपूर्वक भोजन दे, दीन अनाथ इनकोभी यथाशक्ति भोजन दे, पर वित्तशाठ्य न करे और अपनेको उस दिनसे कृतार्थ समझ कर नित्य आराधन किया करे। हे नारद ! यह उत्तम दीक्षाविधि तुम्हें सुनाई। इसे ध्यान में रखकर देवीके चरणकमलोंको भजो। ब्राह्मणके लिये इससे परे दूसरा धर्म नहीं है। वैदिक अपने गृह्यमें कही हुई विधिके अनुसार तथा तांत्रिक

तंत्रकी रीतिसे क्रमपूर्वक मंत्रका उपदेश करे, यही सनातन स्थिति है, इसीलिये उक्त प्रयोगानुसार कर्मकरे, अन्यथा न करे ।। १३१–१५१

श्रीनारायण उवाच

इति सर्वं मायाख्यातं यत्पृष्टं नारद त्वया ।
अतःपरं परांबाया भज नित्यं पदांबुजम् ।
नित्यमाराध्य तच्चाहं निर्वृत्ति परमां गतः ।। १५२ ।।

हे नारदजी । जो कुछ तुमने पूछा, वह सब कहा । अब तुम नित्य श्रीदेवीजीके चरणकमलोंका भजन करो । मैं भी नित्य आराधना द्वारा परम निर्वृतिको प्राप्त हुआ हूं ।। १५२ ।।

व्यास उवाच

इति राजन्नारदाय प्रोक्त्वा सर्वमनुत्तमम् ।
समाधिमीलिताक्षस्तु दध्यौ देवीपदांबुजम् ।।१५३ ।।
नारायणस्तु भगवान् मुनिवर्यशिखामणिः ।।
नारदोऽपि ततो नत्वा गुरुं नारायणं परम् ।
जगाम सद्यस्तपसे देवीदर्शनलालसः ।। १५४ ।।

इति सप्तमः पटलः ।। ७ ।।

व्यासजी बोले–इस प्रकार भगवान् नारायणजीने नारदजीसे सब उत्तम दीक्षाविधि कही और आंखोंको मूंदकर समाधि लगाकर देवीजीके चरणकमलोंका ध्यान किया तब मुनिवर्य नारदजीभी देवीके दर्शनकी लालसासे परमगुरु नारायणजीको नमस्कार करके तप करनेके लिये चले गये ।। १५३ ।। १५४ ।।

इति भाषाभाष्यसमेत गायत्रीतंत्रका सप्तम पटल समाप्त ।। ७ ।।

अथाष्टमः पटलः

श्री नारायण उवाच ।

भूतिशुद्धिप्रकारं च कथयामि महामुने ।
मूलाधारात्समुत्थाय कुंडलीं परदेवताम् ।। १ ।।
सुषुम्णामार्गमाश्रित्य ब्रह्मरंध्रगतां स्मरेत् ।
जीवं ब्रह्मणि संयोज्य हंसमंत्रेण साधकः ।। २ ।।
पादादि जानुपर्यंतं चतुष्कोणं सवज्रकम् ।
लंबीजाढ्यं स्वर्णवर्णं स्मरेदवनिमण्डलम् ।। ३ ।।
जान्वाद्यानाभि चंद्रार्धनिभं पद्मद्वयांकितम् ।
वंबीजयुक्तं श्वेताभं नभसो मंडलं स्मरेत् ।। ४ ।।
नाभेर्हृदयपर्यंतं त्रिकोणं स्वस्तिकान्वितम् ।
रंबीजेन युतं रक्तं स्मरेत्पावकमण्डलम् ।। ५ ।।
हृदो भ्रूमध्यपर्यंतं वृत्तं षड्बिंदुलांछितम् ।
यंबीजयुक्तं धूम्राभं नभस्वन्मंडलं स्मरेत् ।। ६ ।।
आब्रह्मरन्ध्रं भ्रूमध्याद्‌धृतं स्वच्छं मनोहरम् ।
हंबीजयुक्तमाकाशमंडलं च विचिंतयेत् ।। ७ ।।
एवं भूतानि संचिंत्य प्रत्येकं संविलापयेत् ।
भुवं जले जलं वह्नौ वह्निं वायौ नभस्यमुम् ।। ८ ।।
विलाप्य खमहंकारे महत्तत्त्वेऽप्यहंकृतिम् ।
महांतं प्रकृतौ मायामात्मनि प्रविलापयेत् ।। ९ ।।
शुद्धसंविन्मयो भूत्वा चिंतयेत्पापपूरुषम् ।
वामकुक्षिस्थितं कृष्णमंगुष्ठपरिमाणकम् ।। १० ।।
ब्रह्महत्याशिरोयुक्तं कनकस्तेयबाहुकम् ।
मदिरापानहृदयं गुरुतल्पकटीयुतम् ।। ११ ।।

तत्संसर्गिपदद्वंद्वमुपपातकमस्तकम् ।
खड्गचर्मधरं दुष्टमधोवक्रं सुदुःसहम् ।। १२ ।।
वायुबीजं स्मरन्वायुं सम्पूर्यैनं विशोषयेत् ।
स्वशरीरयुतं मंत्री वह्निबीजेन निर्दहेत् ।। १३ ।।
कुम्भके परिजप्तेन ततः पापनरोद्भवम् ।
बहिर्भस्म समुत्सार्य वायुबीजेन रेचयेत् ।। १४ ।।
सुधाबीजेन देहोत्थं भस्म संप्लावयेत्सुधीः ।
भूबीजेन घनीकृत्य भस्म तत्कनकांडवत् ।। १५ ।।
विशुद्धमुकुराकारं जपन्बीजं विहाय सः ।
मूर्द्धादिपादपर्यन्तान्यंगानि रचयेत्सुधीः ।। १६ ।।
आकाशादीनि भूतानि पुनरुत्पादयेच्चितः ।
सोऽहं मन्त्रेण चात्मानमानयेद् हृदयाम्बुजे ।। १७ ।।
कुण्डलीजीवमादाय परसंगात्सुधामयम् ।
संस्थाप्य हृदयांभोजे मूलभारगतां स्मरेत् ।। १८ ।।
रक्तांभोधिस्थपोतोल्लसदरुणसरोजाधिरूढा कराब्जैः
शूलं कोदण्डमिक्षूद्भवमथगुणमप्यंकुशं पंचबाणान् ।
बिभ्राणासृक्कपालं त्रिनयनलसिता पीनवक्षोरुहाढ्या ।
देवी बालार्क वर्णा भवतु सुखकरी प्राणशक्तिःपरा नः ।।१९।।
एवं ध्यात्वा प्राणशक्ति परमात्मस्वरूपिणीम् ।
विभूतिधारणं कार्यं सर्वाधिकृतिसिद्धये ।। २० ।।
विभूतेर्विस्तरं वक्ष्ये धारणे च महाफलम् ।
श्रुतिस्मृतिप्रमाणोक्तं भस्मधारणमुत्तमम् ।। २१ ।।

इति अष्टमः पटलः ।। ८ ।।

श्रीनारायणजी कहते हैं कि हे महामुने । अब भूतिशुद्धि कहता हूँ, मूलाधारसे परदेवता कुण्डलीको उठाकर सुषुम्नामार्गसे ब्रह्मरंध्रमें

ले जाकर स्मरण करे, फिर हंसमंत्रसे जीवको ब्रह्ममें लीन कर फिर पादादि जानुपर्यंत वज्रसहित चतुष्कोण लंबीज द्वारा युक्त स्वर्ण-वर्ण पृथ्वीमण्डलका स्मरण करे। जानुसे नाभिपर्यंत अर्द्धचन्द्राकार कमलद्वयसहित यंबीजयुक्त श्वेतवर्ण जलमण्डलका स्मरण करे। फिर नाभिसे हृदयपर्यंत स्वस्तिकाकार रंबीजयुक्त रक्तवर्ण अग्नि-मण्डलका स्मरण करे, फिर हृदय से भौंहके मध्यपर्यंत गोलाकार छः बिन्दुओं द्वारा चिह्नित यंबीजयुक्त धूमाकार वायुमण्डलका स्मरण करे। फिर भौंहके मध्यसे ब्रह्मरन्ध्रपर्यंत गोल स्वच्छ मनोहर हंबीजसंयुक्त आकाशमण्डलका चिन्तन करे, इस प्रकार भूतोंका चिन्तन करके प्रत्येकको क्रमसे एकमें दूसरेको मिलाये, यथाजलमें पृथ्वी, अग्निमें जल, वायुमें अग्नि, आकाशमें वायु, अहंकारमें आकाश, महतत्वमें अहंकार, प्रकृतिमें महत्तत्व, आत्मामें प्रकृति मिलाकर शुद्ध संविन्मय होकर वाम कोखमें स्थित कृष्णवर्ण अंगुष्ठ-परिमाण शिरपर ब्रह्महत्या लादे, सुवर्ण चुरानेको बाहु लपकाये, मदिरापानमें हृदय लगाये, गुरु शय्यापर दोनों पैर धरे, मस्तकपर छोटे २ पाप चढ़ाये तलवार ढाल लिये, दुष्ट प्रकृति नीचे मुख किये, बड़ा भयंकर ऐसे पापपुरुषका चिन्तन करे और यंबीजका स्मरण कर पूरक प्राणायामसे देह पूरित कर उस पापपुरुषको शुष्क करे, फिर जब पापपुरुष अपने शरीरमें युक्त हो जाये तो रं इस अग्नि-बीजको उच्चारण कर पापपुरुषको भस्म कर दे, फिर यंबीजका उच्चारण कर पापपुरुषके देहकी भस्म रेचक प्राणायाम द्वारा बाहर निकाल दे, फिर वं इस अमृतबीजसे पापपुरुषके देहको सींचदे, फिर लं इस भूमिबीजसे भीगी हुई भस्मको एकत्र करे। तदनु सुवर्णाकार उसका अंडा बनाये, इसके पश्चात् हंबीज उच्चारण कर मुकुराकार बनाये, फिर उस अण्डाकार भस्ममें मस्तकादि पादपर्यंत अंगोंकी

कल्पना करे, फिर आकाशादि पञ्चभूतोंको उत्पन्न करे, जब उनसे सर्वांग बन जाये तो सोहम् इस मंत्रको पढ़ जीव और ब्रह्मको एकमें करके जीवको हृदयकमलमें लाये । पूर्वही कुण्डली द्वारा जीव ब्रह्ममें योजित किया गया था अब वही कुण्डली परमात्माके संगसे अमृतमयजीवको हृदयाम्भोजमें संस्थापित कर मूलाधारमें प्राप्त हुई । उसका स्मरण करे, देवी नः (हम लोगोंको) सुखकारी हो, कैसी देवी है रक्तवर्णके अम्भोधिसमुद्रमें टिका हुआ जो पोत (नौका) उसमें विकसित जो अरुण लाल सरोज उसपर आरूढ़ है, और करकमलोंमें शूल, ईखका धन्वा, गुण, पाश, अंकुश, पांच बाण और असृक्कपाल अर्थात् रक्तवर्ण कपाल धारण किये हुई, भारी वक्षोरुहों (कुचों) से युक्त है, और बालार्कवर्णा (प्रातःकालीन सूर्यके समान अरुण वर्णवाली) और प्राणशक्ति परा अर्थात् श्रेष्ठा है, इस प्रकार प्राणशक्तिका ध्यान करे जो परमात्मस्वरूपिणी कहलाती है । इस प्रकार परमात्मस्वरूपिणी प्राण शक्तिका ध्यान करके सर्वाधिकृतिकी सिद्धिके लिये विभूति धारण करे । विभूतिधारणसे महाफलकी प्राप्ति होती है उसे मैंने विस्तारपूर्वक कहा । भस्मधारण करना श्रुति-स्मृतियोंने भी प्रमाणभूत और उत्तम माना है ।।१–२१ ।।

इति भाषाभाष्यसमेत गायत्रीतंत्रका अष्टम पटल समाप्त ।। ८ ।।

अथ नवमः पटलः

श्री नारायण उवाच

अथातः श्रूयतां ब्रह्मन् गायत्र्याः पापनाशनम् ।
पुरश्चरणकं पुण्यं यथेष्टफलदायकम् ।। १ ।।

पर्वताग्रे नदीतीरे बिल्वमूले जलाशये ।
गोष्ठे देवालयेऽश्वत्थ उद्याने तुलसीवने ।। २ ।।
पुण्यक्षेत्रे गुरोः पार्श्वे चित्तैकाग्रस्थलेऽपि च ।
पुरश्चरणकृन्मन्त्री सिध्यत्येव न संशयः ।। ३ ।।
यस्य कस्यापि मंत्रस्य पुरश्चरणमारभेत् ।
व्याहृतित्रयसंयुक्तां गायत्रीं चाऽयुतं जपेत् ।। ४ ।।
नृसिंहार्कवराहाणां तांत्रिकं वैदिकं तथा ।
विना जप्त्वा तु गायत्रीं तत्सर्वं निष्फलं भवेत् ।। ५ ।।
सर्वे शाक्तद्विजाः प्रोक्ता न शैवा न च वैष्णवाः ।
आदिशक्तिमुपासन्ते गायत्री वेदमारतम् ।।६ ।।
मत्रं संशोध्य यत्नेन पुरश्चरणतत्परः ।
मन्त्रशोधनपूर्वाङ्गमात्मशोधनमुत्तमम् ।। ७ ।।
आत्मतत्त्वशोधनाय त्रिलक्षं प्रजपेद्बुधः ।
अथवा चैकलक्षं तु श्रुतिप्रोक्तेन वर्त्मना ।। ८ ।।
आत्मशुद्धिं विना कर्त्तुर्जपहोमादिकाः क्रियाः ।
निष्फलास्तास्तु विज्ञेयाः कारणे श्रुतिनोदितम् ।। ९ ।।
तपसा तापयेद्देहं पितृदेवांश्च तर्पयेत् ।
तपसा स्वर्गमाप्नोति तपसा विंदते महत् ।। १० ।।
क्षत्रियो बाहुवीर्येण तरेदापदमात्मनः ।
धनेन वैश्यः शूद्रस्तु जपहोमैर्द्विजोत्तमः ११ ।।
अतएव तु विप्रेन्द्र तपः कुर्यात्प्रयत्नतः ।
शरीरशोषणं प्राहुस्तापसास्तप उत्तमम् ।। १२ ।।
शोधयेद्विधिमार्गेण कृच्छ्रचांद्रायणादिभिः ।
अथान्नशुद्धिकरणं वक्ष्यामि शृणु नारद ।। १३ ।।

अयाचितोञ्छशुक्लाख्यभिक्षावृत्तिचतुष्टयम् ।
तांत्रिकैर्वैदिकैश्चैवं प्रोक्तान्नस्य विशुद्धता ।। १४ ।।
भिक्षान्नं शुद्धमानीय कृत्वा भागचतुष्टयम् ।
एकं भागं द्विजेभ्यस्तु गोग्रासस्तु द्वितीयकः ।। १५ ।।
अतिथिभ्यस्तृतीयस्तु तदूर्ध्वं तु स्वभार्ययोः ।
आश्रमस्य यथा यस्य कृत्वा ग्रासविधिं क्रमात् ।। १६ ।।
आदौ क्षिप्त्वा तु गोमूत्रं यथाशक्ति यथाक्रमम् ।
तदूर्ध्वं ग्राससंख्या स्याद्वानप्रस्थगृहस्थयोः ।। १७ ।।
कुक्कुटांडप्रमाणं तु ग्रासमानं विधीयते ।
अष्टौ ग्रासा गृहस्थस्य वनस्थस्य तदर्धकम् ।। १८ ।।
ब्रह्मचारी यथेष्टं च गोमूत्रविधिपूर्वकम् ।
प्रोक्षणं नववारं च षड्वारं च त्रिवारकम् ।। १९ ।।
निच्छिद्रं च करं कृत्वा सावित्रीं च तदित्यृचम् ।
मन्त्रमुच्चार्य मनसा प्रोक्षणे विधिरुच्यते ।। २० ।।
चौरो वा यदि चांडालो वैश्यः क्षत्रस्तथैव च ।
अन्नं दद्यात्तु यः कश्चिद्धर्मो हि विधिरुच्यते ।। २१ ।।
शूद्रान्नं शूद्रसम्पर्कं शूद्रेण च सहाशनम् ।
ये यांति नरकं घोरं यावच्चन्द्रदिवाकरौ ।। २२ ।।
गायत्रीच्छन्दो मंत्रस्य यथा संख्याक्षराणि च ।
तावल्लक्षाणि कर्त्तव्यं पुरश्चरणकं तथा ।। २३ ।।
द्वात्रिंशल्लक्षमानं तु विश्वामित्रमतं तथा ।
जीवहीनो यथा देहः सर्वकर्मसु न क्षमः ।। २४ ।।
पुरश्चरणहीनस्तु तथा मंत्रप्रकीर्तितः ।
ज्येष्ठाषाढौ भाद्रपदं पौषं तु मलमासकम् ।। २५ ।।

अंगारं शनिवारं च व्यतीपातं च वैधृतिम् ।
अष्टमीं नवमीं षष्ठीं चतुर्थीं च त्रयोदशीम् ।। २६ ।।
चतुर्दशीममावास्यां प्रदोषं च तथा निशाम् ।
यमाग्निरुद्रसंर्पेन्द्रवसुश्रवणजन्मभम् ।। २७ ।।
मेषर्कतुलाकुम्भान्मकरं चैव वर्जयेत् ।
सर्वाण्येतानि वर्ज्यानि पुरश्चरणकर्मणि ।। २८ ।।
चन्द्रतारानुकूले च शुक्लपक्षे विशेषतः ।
पुरश्चरणकं कुर्यान्मंत्रसिद्धिः प्रजायते ।। २९ ।।
स्वस्तिवाचनकं कुर्यान्नांदीश्राद्धं यथाविधि
विप्रान्संतर्प्य यत्नेन भोजनाच्छादनादिभिः ।। ३० ।।
आरभेत्तु ततः पश्चादनुज्ञानपुरःसरम् ।
प्रत्यङ्मुखः शिवस्थाने द्विजश्चान्यतमे जपेत् ।। ३१ ।।
काशीपुरी च केदारो महाकालोऽथ नासिकम् ।
त्र्यंबकं च महाक्षेत्रं पञ्च दीपा इमे भुवि ।। ३२ ।।
सर्वत्रैव हि दीपस्तु कूर्मासनमिति स्मृतम् ।
प्रारम्भदिनमारभ्य समाप्तिदिवसावधि ।। ३३ ।।
न न्यूनं नातिरिक्तं च जपं कुर्याद्दिने दिने ।
नैरंतर्येण कुर्वन्ति पुरश्चर्यां मुनीश्वराः ।। ३४ ।।
प्रातरारभ्य विधिवज्जपेन्मध्यं दिनावधि ।
मनः संहरणं शौचं ध्यानं मन्त्रार्थचिन्तनम् ।। ३५ ।।
गायत्रीछन्दो मंत्रस्य यथा संख्याक्षराणि च ।
तावल्लक्षाणि कर्त्तव्यं पुरश्चरणकं तथा ।। ३६ ।।
जुहुयात्तद्दशांशेन सघृतेन पयोऽधसा ।
तिलैः पत्रैः प्रसूनैश्च यवैश्च मधुरान्वितैः ।। ३७ ।।

कुर्याद्दशांशतो होमं ततः सिद्धो भवेन्मनुः ।
गायत्री चैव संसेव्या धर्मकामार्थ मोक्षदा ।। ३८ ।।
नित्ये नैमित्तिके काम्यो त्रितये तु परायणः ।
गायत्र्यास्तु परं नास्ति इहलोके परत्र च ।। ३९ ।।
मध्याह्नमित्तभुङ्‌ मौनी त्रिस्नानार्चनतत्परः ।
जले लक्षत्रयं धीमाननन्यमानसक्रियः ।। ४० ।।
कर्मणा यो जपेत्पश्चात्कर्मभिः स्वेच्छयाऽपि वा ।
यावत्कार्यं न सिद्धं तु तावत्कुर्याज्जपादिकम् ।। ४१ ।।
सामान्यकाम्यकर्मादौ यथावद्विधिरुच्यते ।
आदित्यस्योदये स्नात्वा सहस्रं प्रत्यहं जपेत् ।। ४२ ।।
आयुरारोग्यमैश्वर्यं धनं च लभते ध्रुवम् ।
षण्मासं वा त्रिमासं वा वर्षान्तं सिद्धिमाप्नुयात् ।। ४३ ।।
पद्मानां लक्षहोमेन घृताक्तानां हुताशने ।
प्राप्नोति निखिलं मोक्षं सिध्यत्येव न संशयः ।। ४४ ।।
मंत्रसिद्धिं विना कर्त्तुर्जपहोमादिकाः क्रियाः ।
काम्यं वा यदि वा मोक्षः सर्वं तन्निष्फलं भवेत् ।। ४५ ।।
पंचविंशतिलक्षेण दध्ना क्षीरेण वा हुतात् ।
स्वदेहे सिध्यते जंतुर्महर्षीणां मतं तथा ।। ४६ ।।
अष्टांगयोगसिद्धया च नरः प्राप्नोति यत्फलम् ।
तत्फलं सिद्धिमाप्नोति नात्र कार्या विचारणा ।। ४७ ।।
शक्तो वापि त्वशक्तो वा आहारं नियतं चरेत् ।
षण्मासात्तस्य सिद्धिः स्याद्गुरुभक्तिरतः सदा ।। ४८ ।।
एकाहं पंचगव्याशी चैकाहं मारुताशनः ।
एकाहं ब्राह्मणान्नाशी गायत्री जपकृद्भवेत् ।। ४९ ।।

स्नात्वा गंगादितीर्थेषु शतमंतर्जले जपेत् ।
शतेनापस्ततः पीत्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते ॥ ५० ॥
चान्द्रायणादिकृच्छ्रस्य फलं प्राप्नोति निश्चितम् ।
राजा वा यदि वा विप्रस्तपः कुर्यात्स्वके गृहे ॥ ५१ ॥
गृहस्थो ब्रह्मचारी वा वानप्रस्थोऽथवापि च ।
अधिकारपरत्वेन फलं यज्ञादिपूर्वकम् ॥ ५२ ॥
श्रौतस्मार्तादिकं कर्मक्रियते मोक्षकांक्षिभिः ।
साग्निकश्च सदाचारो विद्वद्भिश्च सुशिक्षितः ॥ ५३ ॥
ततः कुर्यात्प्रयत्नेन फलमूलोदकादिभिः ।
भिक्षान्नंशुद्धमश्नीयादष्टौ ग्रासान् स्वयं भुजेत् ॥ ५४ ॥
एवं पुरश्चरणकं कृत्वा मन्त्रसिद्धिमवाप्नुयात् ।
देवर्षे यदनुष्ठानाद्दारिद्र्यं विलयं व्रजेत् ॥
यच्छ्रुत्वापि च पुण्यानां महतीं सिद्धिमाप्नुयात् ॥ ५५ ॥

इति नवमः पटलः ॥ ९ ॥

श्रीनारायणजी कहते हैं, कि हे नारद ! अब पापनाशक यथेष्टफलदायक और पुण्यदायक गायत्रीके पुरश्चरणकी विधि सुनिये । वह पर्वतके आगे, नदीके तटपर, बेलकी छाया, जलाशय, गोशाला, देवालय, पिप्पल, उद्यान, तुलसीवन, पुण्यक्षेत्र, गुरुस्थान आदि, स्थानोंमें करनेसे सिद्ध होता है । जिस मंत्रका पुरश्चरण करना हो, तीन व्याहृतिसहित १०००० गायत्री प्रथम जप करके तो उस मंत्रको जपे, नृसिंह, वाराह, सूर्यादि के तांत्रिक या वैदिक चाहे जो मंत्र हों पर विना प्रथम गायत्रीके जप किये निष्फल होते हैं । सब द्विज इसीलिये प्रथम गायत्रीहीकी उपासना करते हैं और इससे शाक्त हैं; वैष्णव और शैव नहीं हैं । प्रथम मंत्र शोधन

कर पुरश्चरण करना चाहिये । मंत्र शोधनके पीछे आत्मशोधन करना चाहिये । आत्मशोधनके लिए प्रथम ३ लक्ष वा १ लक्ष गायत्री जपे, फिर मंत्रशोधनार्थ १०००० जपे, फिर पुरश्चरण करे गायत्रीके पुरश्चरणमें भी यही रीति है और विना आत्मशोधनके सम्पूर्ण क्रिया निष्फल होती है । तपसे देह शुद्ध करनेसे पितर और देवता तृप्त होते हैं, तपहीसे स्वर्ग मिलता है, तपहीसे महत्त्व मिलता है, क्षत्रिय अपनी भुजाओंके बलसे आपदाओं से पार पाता है, वैश्य धनसे, शूद्र, ब्राह्मणोंकी सेवासे, ब्राह्मण जप होमसे । देह कृच्छ्रचांद्रायणादि व्रतोंसे शुद्ध होता है, इससे ब्राह्मणोंको चाहिये कि तप करें । तपस्वीको शरीर सुखा देना चाहिये । प्रथम अन्नकी शुद्धता बताते हैं, अयाचित, उंछ, शुल्क, भिक्षा यह अन्नकी चार वृत्तियां तांत्रिक और वैदिक दोनोंसे शुद्ध कहीं हैं । भिक्षाका अन्न लेकर ४ भाग करे, प्रथम भाग ब्राह्मणोंको, द्वितीय गोग्रास, तृतीय अभ्यागतोंको दे, चतुर्थ भागमें आधा स्त्रीको दे और आधा स्वयं ले । फिर उस आश्रमवालेको जैसा ग्रासविधि हो, वैसा बनाकर ग्रहण करे । प्रथम अन्न तैयार होनेपर जैसा लिखा है कि गोमूत्र छिड़क कर, उसके पश्चात् वानप्रस्थ और गृहस्थके ग्रासका यह प्रमाण है कि कुक्कुट अर्थात् मुर्गेके अण्डेके समान ग्रास बनाये, फिर गृहस्थ ८ और वानप्रस्थ ४ ग्रास अर्थात् कौर भक्षण करे। ब्रह्मचारी यथेष्ठ ग्रास बनाये, गोमूत्रसे ९ या ६ या ३ बार प्रोक्षण करे, अञ्जलिमें गोमूत्र ले गायत्री पढ़कर अन्नमें छिड़के, यही प्रोक्षण-विधि है । कदाचित् भिक्षाके समय चोर, चंडाल, वैश्य और क्षत्रिय अन्न दें, वह अधम विधि है और जो शूद्रोंका अन्न खाता, उन्हींका मिलाप करता, उन्हींके साथ भोजन करता है वह नरकमें जबतक सूर्य्य चन्द्रमा रहेंगे तबतक रहेगा । मंत्रका गायत्री छन्द है और

जितने अर्थात् २४ अक्षर होते हैं उतने लक्ष पुरश्चरणमें मंत्र जपना चाहिये । विश्वामित्रके मतसे ३२ लक्ष प्रमाण है । जैसे जीवहीन देह कुछ कर्म नहीं कर सकता, वैसेही पुरश्चरणहीन मंत्रभी कुछ नहीं कर सकता । ज्येष्ठ, आषाढ़, भाद्रपद, पौष, मलमास, मंगल, शनिवार, व्यतीपात, वैधृत्तियोग, अष्टमी, नवमी, षष्ठी, चतुर्थी, त्रयोदशी, चतुर्दशी, अमावस्यातिथि, प्रदोष, रात्रिके समय, भरणी, कृत्तिका, आर्द्रा, आश्लेषा, ज्येष्ठा, धनिष्ठा, श्रवण, जन्मनक्षत्र इतने नक्षत्र, मेष, कर्क तुला, कुंभ, मकर ये लग्न सब पुरश्चरणकर्ममें निन्द्य हैं । जिस दिन चन्द्रमा और तारा शुद्ध हो और शुक्ल पक्ष हो उस दिन पुरश्चरणकर्मके आरंभ करनेसे वह सिद्ध होता है प्रारंभ करनेके दिन प्रथम स्वस्तिवाचन करे, फिर नान्दीमुख श्राद्ध करे, उसके पश्चात् भोजनाच्छादनादिसे ब्राह्मणोंको तृप्त करके पुरश्चरणको प्रारम्भ करना चाहिये । पश्चिममुख हो शिवालयमें करे, अथवा अन्यही शिवस्थानमें यथा काशीपुरी, केदार, महाकालस्थान, नाशिकक्षेत्र, त्र्यम्बक, महाक्षेत्र, यह ५ सिद्धस्थान हैं, और चाहे जहां करे, पर कूर्मासनपर स्थित होकर जपे तो सिद्ध हो जाये । प्रारम्भके दिनसे समाप्ति पर्यंत न्यून या अधिक जप न कर, किन्तु जितना प्रथम दिन करे उतनाही करता जाय । प्रातःकालसे मध्याह्नतक मंत्र जपे, जप के समय मनको काबूमें किये हुए मंत्रके अर्थमें ध्यान लगाये । जितने अक्षर मंत्रमें हों उतने लक्षका पुरश्चरण होता है । मंत्रका दशांश घृतादिसे होम करे, मंत्र सिद्ध हो जाता है गायत्री धर्म, काम, अर्थ और मोक्ष देनेवाली सब कार्योंमें सेवनीय है, नित्य नैमित्तिक और काम्य इन तीनों कर्मोंमें रत होकर गायत्री की सेवा करे,क्योंकि उससे परे कुछ नहीं है. मध्याह्न में थोड़ा भोजन करे और जो जलमें ३०००००जपता है वह सिद्ध होजाता है । जिस

कर्मके लिये मंत्र जपे जबतक उसकी सिद्धि न हो तबतक बराबर जपता रहे; और सामान्य काम्य कर्मके निमित्त प्रतिदिन प्रातःकाल स्नान कर १००० बार जपे, तो आयु आरोग्य ऐश्वर्य धन प्राप्त करे। ये कार्य ६ मास या ३ या १२ मास निरन्तर सहस्र जपनेसे होते हैं, और जो जपांतमें लक्ष कमल घी लगा-लगाकर होम करता है वह सब कुछ पाता है, विना मंत्रसिद्धि किये काम्य मोक्षादि सब क्रिया निष्फल होजाती हैं, और दधि या दुग्धमें भिगोकर जो कमलपुष्प २५००० होम करता है वह अपने देहसे सिद्ध हो जाता है। चाहे शक्त हो अथवा अशक्त, जो ६ मासतक मंत्र जपता हुआ नियताहार करता है वह सिद्ध होता है। एक दिन पंचगव्य, एक दिन पवनपान, एक दिन ब्राह्मणका अन्न भोजन कर गंगा आदि तीर्थोंमें स्नान कर जलके भीतर जो १०० बार गायत्री जपे और १०० बार मंत्र पढ़कर जल पिये, वह सब पापोंसे छूट जाता है। चांद्रायण कृच्छ्रादि व्रतोंका फल प्राप्त करने वाला राजा हो या विप्र अपने ही गृहमें तपस्या करे। गृहस्थ वानप्रस्थ ब्रह्मचारी सब अपने २ अधिकारके समान फल पाते हैं। और चाहे जैसा विप्र हो जो तपस्या करता और ब्राह्मणहीके गृहकी भिक्षा ग्रहण करता हुआ पुरश्चरण करता है उसके मंत्रकी सिद्धि होती है। पुरश्चरणके करनेसे दरिद्रता नष्ट होती और श्रवण करनेसे सिद्धि प्राप्त होती है ॥ १-५५ ॥

इति भाषाभाष्यसमत गायत्रीतन्त्रका नवम पटल समाप्त ॥ ९ ॥

अथ दशमः पटलः

नारद उवाच

नारायण महाभाग गायत्र्यास्तु समासतः।
शांत्यादिकान्प्रयोगांस्तु वदस्व करुणानिधे ॥ १ ॥

अब नारदजी प्रश्न करते हैं कि हे नारायणजी ! गायत्रीके शांत्यादिक प्रयोगोंका वर्णन कीजिये ।। १ ।।

श्रीनारायण उवाच

अतिगुह्यमिदं पृष्टं त्वया ब्रह्मतनूद्भव ।
न कस्यापि च वक्तव्यं दुष्टाय पिशुनायच । ।। २ ।।
अथ शांतिर्यथोक्ताभिः समिद्भिर्जुहुयाद्विजः ।
शमीसमिद्भिः शाम्यंति भूतरोगग्रहादयः ।। ३ ।।
आर्द्राभिः क्षीरवृक्षस्य समिद्भिर्जुहुयाद्द्विजः ।
जुहुयाच्छकलैर्वापि भूतरोगादिशांतये ।। ४ ।।
जलेन तर्पयेत्सूर्यं पाणिभ्यां शांतिमाप्नुयात् ।
जानुदघ्ने जले जप्त्वा सर्वान् दोषाञ्छमं नयेत् ।। ५ ।।
कंठदघ्ने जले जप्त्वा मुच्येत्प्राणांतिकाद्भयात् ।
सर्वेभ्यः शांतिकर्मभ्यो निमज्ज्याप्सु जपः स्मृतः ।। ६ ।।
सौवर्णे राजते वापि पात्रे ताम्रमयेऽपि वा ।
क्षीरवृक्षमयं वापि निर्व्रणे मृन्मयेऽपि वा ।। ७ ।।
सहस्रं पंचगव्येन हुत्वा सुज्वलितेऽनले ।।
क्षीरवृक्षमयैः काष्ठैः शेषं संपादयेच्छनैः ।। ८।
प्रत्याहुतिं स्पृशञ्जप्त्वा सहस्रं पात्रसंस्थिताम् ।
तेन तं प्रोक्षयेद्देशं कुशैर्मंत्रमनुस्मरन् ।। ९ ।।
बलिं किरंस्ततस्तस्मिन्ध्यायेत्तु परदेवताम् ।
अभिचारसमुत्पन्ना कृत्या पापं च नश्यति ।। १० ।।
देवभूतपिशाचाद्या यद्येवं कुरुते वशे ।
गृहं ग्रामं पुरं राष्ट्रं सर्वं तेभ्यो विमुच्यते ।। ११ ।।
निखनेन्मुच्यते तेभ्यो निखनेन्मध्यतोऽपि च ।
मंडले शूलमालिख्य पूर्वोक्ते च क्रमेऽपि वा ।। १२ ।।

अभिमंत्र्य सहस्रं तन्निखनेत्सर्वशांतये ।
सौवर्णं राजतं वापि कुंभं ताम्रमयं च वा ।। १३ ।।
मृन्मयं वा नवं दिव्यं सूत्रवेष्टितमव्रणम् ।
स्थंडिले सैकते स्थाप्य पूरयेन्मंत्रविज्जलैः ।। १४ ।।
दिग्भ्य आहृत्य तीर्थानि चतसृभ्यो द्विजोत्तमैः ।
एलाचन्दनकर्पूरजातीपाटलमल्लिकाः ।। १५ ।।
बिल्वपत्रं तथाक्रान्तां देवीं व्रीहियवांस्तिलान् ।
सर्षपान्क्षीरवृक्षाणां प्रवालानि च निक्षिपेत् ।। १६ ।।
सर्वाण्यभिविधायैवं कुशकूर्चसमन्वितम् ।
स्नातः समाहितो विप्रः सहस्रं मंत्रयेद्बुधः ।। १७ ।।
दिक्षु सौरानधीयीरन् मंत्रान् विप्रास्त्रयीविदः ।
प्रोक्षयेत्पाययेदेनं नीरं तेनाभिषिचयेत् ।। १८ ।।
भूतरोगाभिचारेभ्यः स निर्मुक्तः सुखी भवेत् ।
अभिषेकेण मुच्येत मृत्योरास्यगतो नरः ।। १९ ।।
अवश्यं कारयेद्विद्वान् राजा दीर्घं जिजीविषुः ।
गावो देयाश्च ऋत्विग्भ्य अभिषेके शतं मुने ।। २० ।।
दक्षिणा येन वा तुष्टिर्यथाशक्त्याऽथवा भवेत् ।
जपेदश्वत्थमालभ्य मंदवारे शतं द्विजः २१ ।।
भूतरोगाभिचारेभ्यो मुच्यते महतो भयात् ।
गुडूच्याः पर्वविच्छिन्नः पयोक्ता जुहुयद्विद्जः ।। २२ ।।
एवं मृत्युंजयो होमः सर्वव्याधिविनाशनः ।
आम्रस्य जुहुयात्पत्रैः पयोक्तैर्ज्वरशांतये ।। २३ ।।
वचाभिः पयसाक्ताभिः क्षयं हुत्वा विनाशयेत् ।
मधुत्रितयहोमेन राजयक्ष्मा विनश्यति ।। २४ ।।

निवेद्य भास्करायान्नं पायसं होमपूर्वकम् ।
राजयक्ष्माभिभूतं च प्राशयेच्छांतिमाप्नुयात् ।। २५ ।।
लताः पर्वसु विच्छिद्य सोमस्य जुहुयाद्द्विजः ।
सोमे सूर्येण संयुक्ते पयोक्ताः क्षयशांतये ।। २६ ।।
कुसुमैः शंखवृक्षस्य हुत्वा कुष्ठं विनाशयेत् ।
अपस्मारविनाशः स्यादपामार्गस्य तण्डुलैः ।।२७ ।।
क्षीरवृक्षसमिद्धोमादुन्मादोऽपि विनश्यति ।
औदुम्बरसमिद्धोमादतिमेहः क्षयं व्रजेत् ।। २८ ।।
प्रमेहं शमयेद्धुत्वा मधुनेक्षुरसेन वा ।
मधुत्रितयहोमेन नयेच्छांति मसूरिकाम् ।। २९ ।।
कपिलासर्पिषा हुत्वा नयेच्छांति मसूरिकाम् ।
उदुम्बरवटाश्वत्थैर्गोगजाश्वामयं हरेत् ।। ३० ।।
पिपीलमधुवल्मीके गृहे जाते शतं शतम् ।
शमी समिद्भिरन्नेन सर्पिषा जुहुयाद्द्विजः ।। ३१ ।।
तदुत्थं शांतिमायाति शेषैस्तत्र बलिं हरेत् ।
अभ्रस्तनितभूकंपा लक्ष्यादौ वमवेतसः ।।३२ ।।
सप्ताहं जुहुयादेवं राष्ट्रे राज्यं सुखी भवेत् ।
यां दिशं शतजप्तेनलोष्ठेनाभिप्रताडयेत् ।। ३३ ।।
ततोऽग्निमारुतारिभ्यो भयं तस्य विनश्यति ।
मनसैव जपेदेनां बद्धो मुच्येत बंधनात् ।। ३४ ।।
भूतरोगविषादिभ्यः स्पृशन् जप्त्वा विमोचयेत् ।
भूतादिभ्यो विमुच्येत् जलं पीत्वाभिमंत्रितम् ।। ३५ ।।
अभिमंत्र्य शतं भस्मन्यसद्भूतादिशांतये ।
शिरसा धारयेद्भस्म मंत्रयित्वा तदित्यृचा ।। ३६ ।।

सर्वव्याधिविनिर्मुक्तः सुखी जीवेच्छतं समाः ।
अशक्तः कारयेच्छांति विप्रं दत्त्वा तु दक्षिणाम् ।। ३७ ।।
अथ पुष्टिं श्रियं लक्ष्मीं पुष्पैर्हुत्वाप्नुयाद्द्विजः ।
श्रीकामो जुहुयात्पद्मैः रक्तैः श्रियमवाप्नुयात् ।। ३८ ।।
हुत्वा श्रेयमवाप्नोति जातीपुष्पैर्नवैः शुभैः ।
शालितंडुलहोमेन श्रियमाप्नोति पुष्कलाम् ।। ३९ ।।
समिद्भिर्बिल्ववृक्षस्य हुत्वा श्रियमवाप्नुयात् ।
बिल्वस्य शकलैर्हुत्वा पत्रैः पुष्पैः फलैरपि ।। ४० ।।
श्रियमाप्नोति परमां मूलस्य शकलैरपि ।
समिद्भिर्बिल्ववृक्षस्य पायसेन च सर्पिषा ।। ४१ ।।
शतं शतं च सप्ताहं हुत्वा श्रियमवाप्नुयात् ।
लाजैस्तु मधुरोपेतैर्होमे कन्यामवाप्नुयात् ।। ४२ ।।
अनेन विधिना कन्या वरमाप्नोति वांछितम् ।
रक्तोत्पलशतं हुत्वा सप्ताहं हेम चाप्नुयात् ।। ४३ ।।
सूर्यबिंबे जलं हुत्वा जलस्थं हेम चाप्नुयात् ।
अन्नं हुत्वाप्नुयादन्नं व्रीहीन्व्रीहिपतिर्भवेत् ।। ४४ ।।
करीषचूर्णैर्वत्सस्य हुत्वा पशुमवाप्नुयात् ।
प्रियंगुपायसाज्यैश्च भवेद्धोमादिभिः प्रजा ।। ४५ ।।
निवेद्य भास्करायान्नं पायसं होमपूर्वकम्
भोजयेत्तदृतुस्नातां पुत्रं परमवाप्नुयात् ।। ४६ ।।
सप्ररोहाभिरार्द्राभिरायुर्हुत्वा समाप्नुयात् ।
समिद्भिः क्षीरवृक्षस्य हुत्वाऽऽयुषमवाप्नुयात् ।। ४७ ।।
सप्ररोहाभिरार्द्राभिरक्ताभिर्मधुरत्रयैः ।
व्रीहीणां च शतं हुत्वा हेम चायुरवाप्नुयात् ।। ४८ ।।

सुवर्णकुड्मलं हुत्वा शतमायुरवाप्नुयात् ।
दूर्वाभिः पयसावापि मधुना सर्पिषापि वा ॥ ४९ ॥
शतं शतं च सप्ताहमपमृत्युं व्यपोहति ।
शमीसमिद्भिरन्नेन पयसा वा च सर्पिषा ॥ ५० ॥
शतं शतं च सप्ताहमपमृत्युं व्यपोहति ।
न्यग्रोधसमिधो हुत्वा पायसं होमयेत्ततः ॥५१॥
शतं शतं च सप्ताहमपमृत्युं व्यपोहति ।
क्षीराहारो जपेन्मृत्योः सप्ताहाद्विजयी भवेत् ॥ ५२ ॥
अनश्नन्वाग्यतो जप्त्वा त्रिरात्रं मुच्यते यमात् ।
निमज्ज्याप्सु जपेदेव सद्यो मृत्योर्विमुच्यते ॥ ५३ ॥
जपेद्बिल्वं समाश्रित्य मासं राज्यमवाप्नुयात् ।
बिल्वं हुत्वाप्नुयाद्राज्यं समूलफलपल्लवम् ॥ ५४ ॥
हुत्वा पद्मशतं मासं राज्यमाप्नोत्यकण्टकम् ।
यवागूं ग्राममाप्नोति हुत्वा शालिसमन्वितम् ॥ ५५ ॥
अश्वत्थसमिधो हुत्वा युद्धादौ जयमाप्नुयात् ।
अर्कस्य समिधो हुत्वा सर्वत्र विजयी भवेत् ॥ ५६ ॥
संयुक्तैः पयसा पत्रैः पुष्पैर्वा वेतसस्य च ।
पायसेन शतं हुत्वा सप्ताहं वृष्टिमाप्नुयात् ॥ ५७ ॥
नाभिदघ्ने जले जप्त्वा सप्ताहं वृष्टिमाप्नुयात् ।
जले भस्म शतं हुत्वा महावृष्टिं निवारयेत् ॥ ५८ ॥
पलाशीभिरवाप्नोति समिद्भिर्ब्रह्मवर्चसम् ।
पलाशकुसुमैर्हुत्वा सर्वमिष्टमवाप्नुयात् ॥ ५९ ॥
पयो हुत्वाप्नुयान्मेधामाज्यं बुद्धिमवाप्नुयात् ।
अभिमंत्र्य पिवेद्ब्राह्मं रसं मेधामवाप्नुयात् ॥ ६० ॥

पुष्पहोमे भवेद्वासस्तंतुभिस्तद्विधं पटम् ।
लवणं मधुसंमिश्रं हुत्वेष्टं वशमानयेत् ॥ ६१ ॥
नयेदिष्टं वशं हुत्वा लक्ष्मीपुष्पैर्मधुप्लुतैः ।
नित्यमंजलिनात्मानमभिषिचञ्जले स्थितः ॥ ६२ ॥
मतिमारोग्यमायुष्यमग्र्यं स्वास्थ्यमवाप्नुयात् ।
कुर्याद्विप्रोऽन्यमुद्दिश्य सोऽपि पुष्टिमवाप्नुयात् ॥ ६३ ॥
अथ चारुविधिर्मासं सहस्रं प्रत्यहं जपेत् ।
आयुष्कामः शुचौ देशे प्राप्नुयादायुरुत्तमम् ॥ ६४ ॥
आयुरारोग्यकामस्तु जपेन्मासद्वयं द्विजः ।
भवेदायुष्यमारोग्यं श्रियै मासत्रयं जपेत् ॥ ६५ ॥
आयुः श्रीपुत्रदाराद्याश्चतुर्भिश्च यशो जपात् ।
पुत्रदारायुरारोग्यं श्रियं विद्यां च पंचभिः ॥ ६६ ॥
एवमेवोत्तरान्कामान्मासैरेवोत्तरैर्व्रजेत् ।
एकपादो जपेदूर्ध्वबाहुः स्थित्वा निराश्रयः ॥ ६७ ॥
मासं शतत्रयं विप्रः सर्वान्कामानवाप्नुयात् ।
एवं शतोत्तरं जप्त्वा सहस्रं सर्वलाप्नुयात् ॥ ६८ ॥
रुद्धा प्राणमपानं च जपेन्मासं शतत्रयम् ।
यदिच्छेत्तदवाप्नोति सहस्रात्परमाप्नुयात् ॥ ६९ ॥
एकपादो जपेदूर्ध्वबाहू रुद्धानिलं वशः ।
मासं शतमवाप्नोति यदिच्छेदिति कौशिकः ॥ ७० ॥
एवं शतत्रयं जप्त्वा सहस्रं सर्वमाप्नुयात् ।
निमज्ज्याप्सु जपेन्मासं शतमिष्टमवाप्नुयात् ॥ ७१ ॥
एवं शतत्रयं जप्त्वा सहस्रं सर्वमाप्नुयात् ।
एकपादो जपेदूर्ध्वबाहू रुद्धो निराश्रयः ॥ ७२ ॥

नक्तमश्नन्हविष्यान्नं वत्सरादृषितामियात् ।
गीरमोघा भवेदेवं जप्त्वा संवत्सरद्वयम् ॥ ७३ ॥
त्रिवत्सरं जपेदेवं भवेत्त्रैकालदर्शनम् ।
आयाति भगवान्देवश्चतुः संवत्सरं जपेत् ॥ ७४ ॥
पंचभिर्वत्सरैरेवमणिमादिगुणो भवेत् ।
एवं षड्वत्सरं जप्त्वा कामरूपित्वमाप्नुयात् ॥ ७५ ॥
सप्तभिर्वत्सरैरेवममरत्वमवाप्नुयात् ।
मनुत्वं नवभिः सिद्धिमिंद्रत्वं दशभिर्भवेत् ॥ ७६ ॥
एकादशभिराप्नोति प्राजापत्यं तु वत्सरैः ।
ब्रह्मत्वं प्राप्नुयादेवं जप्त्वा द्वादशवत्सरात् ॥ ७७ ॥
एतेनैव जिता लोकास्तपसा नारदादिभिः ।
शाकमन्ये परे मूलं फलमन्ये पयः परे ॥ ७८ ॥
घृतमन्ये परे सोममपरे चरुवृत्तयः ।
ऋषय पक्षमश्नंति केचिद्भैक्ष्याशिनोऽहनि ॥ ७९ ॥
हविष्यमपरेऽश्नंतः कुर्वन्त्येवपरं तपः ।
अथ शुद्ध्यै रहस्यानां त्रिसहस्रं द्विजोद्द्विजः ॥ ८० ॥
मासं शुद्धो भवेत्स्तेयात्सुवर्णस्य द्विजोत्तमः ।
जपेन्मासं त्रिसाहस्रं सुरापः शुद्धिमाप्नुयात् ॥ ८१ ॥
मासं जपेत्त्रिसाहस्रं शुचिः स्याद्गुरुतल्पगः ।
त्रिसहस्रं जपेन्मासं कुटीं कृत्वा वने वसन् ॥ ८२ ॥
ब्रह्महा मुच्यते पापादिति कौशिकभाषितम् ।
द्वादशाहं निमज्याप्सुसहस्रं प्रत्यहं जपेत् ॥ ८३ ॥
मुच्येरन्नंहसः सर्वे महापातकिनो द्विजाः ।
तिसाहस्रं जपेन्मासं प्राणानायम्य वाग्यतः ॥ ८४ ॥

महापातकयुक्तो वा मुच्यते महतो भयात् ।
प्राणायामसहस्रेण ब्रह्महापि विशुध्यति ।। ८५ ।।
षट्कृतस्त्वभ्यसेदूर्ध्वं प्राणापानौ समाहितः ।
प्राणायामो भवेदेष सर्वपापप्रणाशनः ।। ८६ ।।
सहस्रमभ्यसेन्मासं क्षितिपः शुचितामियात् ।
द्वादशाहं त्रिसाहस्रं जपेद्धि गोवधे द्विजः ।। ८७ ।।
अगम्यागमनस्तेयहननाभक्ष्यभक्षणे ।
दशसाहस्रमभ्यस्ता गायत्री शोधयेद्विजम् ।। ८८ ।।
प्राणायामशतं कृत्वा मुच्यते सर्वकिल्बिषात् ।
सर्वेषामेव पापानां शंकरे सति शुद्धये ।। ८९ ।।
सहस्रमभ्यसेन्मासं नित्यजापी वने वसन् ।
उपवाससमं जप्यं त्रिसहस्रं तदित्यृचः ।। ९० ।।
चतुर्विंशतिसाहस्रमभ्यस्ता कृच्छ्रसंज्ञिता ।
चतुःषष्टिसहस्राणि चांद्रायणसमानि तु ।। ९१ ।।
शतकृत्वोऽभ्यसेन्नित्यं प्राणानायम्य संध्ययोः ।
तदित्यृचमवाप्नोति सर्वपापक्षयं परम् ।। ९२ ।।
निमज्याप्सु जपेन्नित्यं शतकृत्वस्तदित्यृचम् ।
ध्यायन्देवीं सूर्यरूपां सर्वपापैः प्रमुच्यते ।। ९३ ।।
इति ते सम्यगाख्याताः शांतिशुध्यादिकल्पनाः ।
रहस्यातिरहस्याश्च गोपनीयास्त्वया सदा ।। ९४ ।।
इति संक्षेपतः प्रोक्तः सदाचारस्य संग्रहः ।
विधिनाचरणादस्य माया दुर्गा प्रसीदति ।। ९५ ।।
नैमित्तिकं च नित्यं च काम्यं कर्म यथाविधि ।
आचरेन्मनुजः सोऽयं भुक्तिमुक्तिफलाप्तिभाक् ।। ९६ ।।

आचारः प्रथमो धर्मो धर्मस्य प्रभुरीश्वरी ।
इत्युक्तं सर्वशास्त्रेषु सदाचारफलं महत् ।। ९७ ।।
अचारवान्सदा पूतः सदैवाचारवान्सुखी ।
आचारवान्सदा धन्यः सत्यं सत्यं च नारद ।। ९८ ।।
देवीप्रसादजनकं सदाचारविधानकम् ।
यदपि भृणुयान्मर्त्यो महासंपत्तिसौख्यभाक् ।। ९९ ।।
सदाचारेण सिध्येच्च ऐहिकामुष्मिकं सुखम् ।
तदेव ते मया प्रोक्तं किमन्यच्छ्रोतुमिच्छसि ।। १०० ।।

इति दशमः पटलः ।। १० ।।

यह सुन नारायणजी कहने लगे—कि, अति गुप्त बात आपने पूछी है परन्तु इसे आप किसी दुष्ट चुगुलसे न कहना । हवन करनेसे शांति होती है । यथा—१०८ शमीकी समिधाओंसे होम करने से भूत, रोग, ग्रहादि शांत होते हैं, दुधारे वृक्षोंकी गीली लकड़ियों से हवन करनेसे रोगादि शांत होते हैं और फिर जलसे सूर्यका तर्पण करे तो भी सब शांतियां होती हैं, टिहुनीभर पानीमें खड़ा होकर जपे तो सब सिद्धि पाये, कण्ठभर पानीमें खड़ा होकर जपनेसे प्राण-नाश के भयसे छूटता है, सभी शांतिकर्मोंके लिए पानी ही में जपना उत्तम होता है या सुवर्ण, चांदी, ताम्र, क्षीरवृक्षके काष्ठके पात्र वा बिना छेदके मिट्टीके वर्तनमें पंचगव्य रख कर दुधारे वृक्षकी लकड़ियोंसे होम करे, प्रति आहुतिमें पंचगव्य स्पर्श कर लिया करे, और अंतमें पंचगव्यको सर्व स्थानोंमें छिड़के । बलि प्रदान कर देवीका ध्यान करे, इस प्रकार करनेसे अभिचारसे उत्पन्न कृत्या शांत होजाती है । दैव भूत पिशाचादिको वशमें करनेके लिए भी इसी प्रकार करे, तो वे सब गृह ग्राम राज्य देश छोड़कर वशमें

हो जायँ। चतुष्कोणयन्त्रमें गन्धसे शूल लिख सहस्र गायत्री जप कर कहीं गाड़ दे तो सब सिद्ध हो जायँ या सोना, चांदी, ताम्र, मिट्टी आदि के पात्र को सूत्रसे वेष्टित कर रेतयुक्त स्थानपर रख मन्त्र पढ़ता हुआ जलसे पूरित करे, जल चारों दिशाओं के तीर्थोंसे लाकर, इलायची, चन्दन, कपूर, जाती, पाटल, बेला, बिल्वपत्र, विष्णु-क्रांता, सहदेई, यव, तिल, सरसों, दुधारे वृक्षोंके पल्लव छोड़कर कुशकी कूंची उसीमें डालकर स्नान कर सहस्र बार मंत्र जपे और भूतादि बाधा पीड़ित पुरुषको पिलाकर फिर उसके ऊपर गायत्री पढ़ २ कर छिड़के तो वह भूत रोगादिसे छूटकर सुखी हो जाय, मृत्युके मुखमें भी पड़ा हुआ भी अभिषेकमात्रसे जीवन पा जाता है। और बहुत दिन जीनेकी इच्छा जिस राजा को हो वह अवश्यही इसे कराये, पर वह अभिषेकके समय ऋत्विजोंको १०० गाय दे, या ऐसी दक्षिणा दे जिससे विप्र लोग सन्तुष्ट हो जायँ या अपनी शक्तिके अनुसार दे। शनैश्चरके दिन पिप्पलके नीचे जो द्विज १०० बार जपता है वह भूतरोग और अभिचारसे छूट जाता है। और जो दूधमें भिगोकर गुर्चकी समिधासे होम करता है वह सब व्याधियोंसे मुक्त होता है। ज्वर-शांत होनेके लिए दूधमें भिगोकर आम्रके पत्तोंसे होम करना चाहिये और दुग्धहीके साथ बचसे होम करनेसे क्षयी रोग मिटता है। दूध, दधि घी इन तीनोंके हवनसे राजयक्ष्मा रोग मिटता है,अथवा खीर बनाकर सूर्य्यको अपर्ण कर होम करे। शेष भाग राजयक्ष्माके रोगीको खिलाये तो वह निरोग हो जाय। छेउटाकी डालसे अमावास्याके दिन हवन करनेसे भी क्षयी रोग नष्ट होता है। कौडिल्लाके फूलोंसे हवन करनेसे कोढ़ मिटती है। लहचिचड़ाके बीजोंसे होम करनेसे अपस्मार रोग नष्ट हो जाता

है, क्षीरवृक्षोंकी लकड़ियोंके होमसे उन्माद नष्ट हो जाता है, गूलर की लकड़ीके होमसे अति प्रमेह मिटता है और मधु वा शर्बतकी आहुतिसे भी प्रमेह मिटता है, मधुत्रितय जो दूध घृत दधि हैं इनके हवनसे जो पैरोंमें मसूरिका रोग होता है वह मिट जाता है। गूलर वट पिप्पलकी समिधाके हवनसे क्रमसे गौ, हाथी, घोड़े, इनके रोग मिटते हैं। चैंटी और मधु मक्खीका छत्ता गृहमें लग जानेसे शत २ शमीसमिधासे होम करना चाहिये और बिजलीसे भूमिकंप हो तो वनवेतकी समिधासे हवन करे। जिस दिशामें दिग्दाह हो सात दिनतक मंत्र जपकर ढेलेसे उस दिशाको मारे तो शान्त हो जाय; और यदि कहीं बंधनमें पड़ा हो तो मनहीमें गायत्री जपनेसे छूट सकता है । भूत-प्रेत-पिशाचादिपीड़ितको कुशसे छूकर मंत्र जपे और वही जल उसे पिलादे तो उसकी पीड़ाओंसे वह छूट जाता है और भूतादिबाधा विभूति लगानेसे भी शान्त हो जाती है। पुष्टि, श्री-लक्ष्मी पानेके लिए पुष्पसे हवन करना चाहिए और शोभाकी कामना हो तो लालकमलसे हवन करे, और जातीपुष्पके होमसे लक्ष्मी मिलती है; जडहनके चावलसे भी होम करनेसे लक्ष्मी मिलती है, बिल्ववृक्षकी समिधासे भी श्री मिलती है, तीन मधु मिलाकर लाजासे होम करनेसे कन्या सुन्दर पति पाती है। लाल कमल पुष्पसे ७ दिन आहुति देनेसे सोना मिलता है,। सूर्यमण्डलमें जल छोड़नेसे जलमें स्थित सुवर्ण मिलता है, अन्नहोम करनेसे अन्न पाता है, बछेरेके गोबरके होम करनेसे पशु मिलते हैं; काकुनि जाउरि घृतके होमसे प्रजा मिलती है। होम पूर्वक पायस सूर्यको अर्पण कर ऋतुस्नान की हुई, स्त्रीको भोजन करानेसे पुत्र मिलता है, पलास-समिधा के होमसे आयु मिलती है, क्षीरवृक्षकी समिधासे भी आयु मिलती है;

सुवर्णकमलके होमसे १०० वर्ष जीता है। दूर्वा, दुग्ध, मधु घृतकी भी सौ २ आहुति देनेसे अपमृत्यु नहीं होती है, सात दिन केवल दुग्धपान कर कर के होम करे तो मृत्युको जीतले, तीन रात्रि बिना खाये मंत्र जपे तो यम भयसे ही छूटे। जलमें डुबकी मारकर गायत्री जपनेसे उसी क्षण मृत्युसे छूटता है, बेलके नीचे मासभर जपे तो राज्य पाये। मूलफल पल्लवसहित बिल्वके हवनसे भी राज्य मिले, १०० कमलों की मासपर्यन्त आहुति से भी राज्य मिलता है, जडहनसहित यवागुहवन करनेसे एक ग्राम मिले, पीपलकी समिधासे होम करनेसे युद्धमें विजयी हो, मंदारकी समिधासे हवन करनेसे सर्वत्र विजयी हो। वेतके पुष्प वा पत्र मिलाकर पायससे हवन करे तो वृष्टि होती है, नाभिमात्र जलमें खड़े होकर ७ दिन गायत्री जपनेसे भी वृष्टि होती है। १०० वार भस्म हुननेसे महावृष्टि निवारण होती है, पलाशसमिधाके होमसे ब्रह्मतेज बढ़ता है, पलाशके पुष्पोंके हवनसे सब इष्ट मिलते हैं, दुग्धके हवनसे धारणावती बुद्धि और घृतके हवनसे केवल बुद्धि मिलती, ब्रह्मीका रस अभिमंत्रण करके पीनेसे भी धारणावती बुद्धि मलिती है, पुष्पमात्रके हवन से वास और डाड़ोके होमसे उसी प्रकारका वस्त्र मिलता, मधु मिलाकर लोनकी आहुति से इष्ट वश होंता है, बिल्व पुष्प मधु मिलाकर, लोन आहुतिसे इष्ट वश होता, तथा बिल्वपुष्प मधु मिलाकर हवन करने से भी इष्ट वश होता है, जलमें स्थित होकर नित्य२ अंजुलीसे अपने ऊपर जल छिड़कनेसे मति, आरोग्य, आयुष्य, अग्रता, स्वस्थता सब मिलती है। ब्राह्मण दूसरेके लिये करे तो भी वह पुष्टताको प्राप्त करता है और मासपर्यन्त विधिपूर्वक प्रतिदिन १००० गायत्री जपे तो आयुर्बल बढ़े, आयु तथा आरोग्य, दोनोंकी कामना हो तो

दो मासतक जपे । लक्ष्मीके लिए, तीन मासतक, आयु लक्ष्मी पुत्र स्त्री यश यह ४ मास जपनेसे प्राप्त होते हैं, पुत्र स्त्री आयु आरोग्य लक्ष्मी और विद्या ५ मास जपनेसे मिलती है और एक पादसे खड़ा होकर ऊपरको बाहु उठाकर जो मासभर ३०० मन्त्र प्रतिदिन जपता है उसकी सब कामना पूर्ण होती है, इसी प्रकार ११००जपनेसे भी कामनायें पूर्ण होती हैं । प्राण, अपान, वायु रोककर मास भर ३०० मंत्र जपनेसे जो इच्छा करे वही मिलता है, सहस्र जपनेसे अभीष्ट प्राप्ति होती है । विश्वामित्रजी का मत है कि ऊपरको बाहु उठाकर एक पादसे खड़ा होकर मासभर १०० मंत्र जपनेसे जो चाहे वही प्राप्त करे । इसी प्रकार १३०० जपनेसे सब मिलता है, इसी प्रकार एकपाद ऊर्ध्वबाहु हविष्यान्न भक्षण कर ७ दिन जपनेसे मनुष्य ऋषि हो जाता है । २ वर्ष तक इसी प्रकार जपनेसे अमोघ वाणी हो जाती है, ३ वर्ष इसी प्रकार जपनेसे त्रिकालदर्शी होजाता है, ४ वर्ष जपनेसे सूर्य उसके निकट चले आते हैं, ५ वर्ष ऐसेही जपनेसे अणिमादि सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं, ६ वर्ष ऐसेही जपनेसे जहाँ इच्छा हो वहाँ वेष बनाकर चला जाये ।७ वर्षमें ऐसे ही अमरत्व को पाता है, ९ वर्षमें मनुत्व और १० वर्षमें इन्द्रत्व मिलता है । ११ वर्षमें प्राजापत्यको १२ वर्षमें ब्रह्माके भावको प्राप्त होता है, इसी जपसे नारदादिने सब लोक जीत लिये । कोई शाक कोई मूल फल दुग्ध घृत खीर भिक्षादि भोजन करते थे । गुप्त या प्रकट पाप निवारणके लिए ३००० जपना चाहिये, सुवर्ण चुरानेके पापसे एक मास जप कर विप्र छुटकारा पाता है, जिस विप्रने मदिरा पान किया हो वह मास पर्यन्त ३०० जपे तो शुद्ध हो जाय, गुरुश-य्यापर बैठनेवाला भी ३०० मासभर जपे, ब्रह्महत्या करनेवाला

वनमें कुटी बना वहीं बसकर ३०० मासभर जपे तो शुद्ध होजाय, चाहे जैसा पाप किया हो १२ दिनतक स्नान करके जलमें १००० गायत्री जपे तो शुद्ध हो। प्राणायाम करके ३००० मासभर जपनेसे महापातकसे भी छूट जाता है। सहस्र प्राणायाम करनेसे ब्रह्महत्या मिट जाती है। प्राणापान ६ बार ऊपरको करके जो प्राणायाम किया जाता है, वह सब पाप नष्ट करता है; मास भर सहस्र जपनेसे राजा शुद्धताको प्राप्त होता है, गोवध होजानेपर बारह दिनतक ३००० जपे, अगम्यागमनी, चोरी, मारना, अभक्ष्य भक्षण करना- इन दोषोंको मिटानेके लिए १०००० गायत्री जपे तो ब्राह्मण शुद्ध हो, १०० प्राणायाम करनेसे सब पापोंसे छूटता है। जो सब पापोंको एकही संग मिटाना चाहें वे वनमें बसकर नित्य मासभर १००० बार गायत्री जपें। ३००० जपनेसे एक उपवासके समान पुण्य होता है, २४००० का जप कृच्छ्रके समान तथा, ६४००० चांद्रायणके समान होता है, दोनों संध्याओंमें सौ २ बार जपनेसे सब पाप छूटते हैं, जलमें डुबकी मारकर नित्य गायत्री १०० बार जपे तो सब पापोंसे छूटे। किन्तु सूर्यरूपिणी देवीका ध्यान करता रहे। नारदजी यह तुमसे शांति, शुद्धादिकल्पना रहस्य कहा। तुम इन्हें सदा गुप्त रखना। यह सदाचारका संग्रह संक्षेप रीतिसे वर्णन किया इसके करनेसे माया दुर्गा प्रसन्न होती हैं। नैमित्तिक और नित्य कर्म जो यथाविधि करता है वह भुक्ति और मुक्ति दोनोंको पाता है।

चौपाई-प्रथम धर्म आचार बखाना। धर्म स्वामिनी देवी जाना ।।
यहै कहा सब शास्त्रन माहीं। सदाचार फल सम कछु नाहीं ।।

पूत सुखी और धन्य अचारी। होत सदा हम सत्य पुकारी ।।
सदाचार विधि देवि प्रसादा। देत सुनत जो मनुज सुनादा ।।
धनी होत सो सब विधि नीके। यह लौकिक पर लौकिक ठीके ।।
सदाचारसे होत कहा सब। अबका सुना चहत पूछहु ढब।।२-१००

इति भाषाभाष्यसमेत गायत्रीतन्त्रका दशम पटल समाप्त ।।१०।।

इति भाषाभाष्यसमेत गायत्रीतंत्र समाप्त ।

हमारे यहाँ से प्रकाशित

मन्त्र तन्त्र विषयक अन्य ग्रन्थ

अनुष्ठान प्रकाश - मूल मात्र पत्राकार

आसुरीकल्प हिन्दी टीका सहित

बृहत् इन्द्रजाल अर्थात् कौतुकरत्नभाण्डागार

उड्डीश तंत्र हिन्दी टीका सहित

कामरत्न हिन्दी टीका सहित

दत्तात्रेयतंत्र हिन्दी टीका सहित

धन्वन्तरि तंत्र शिक्षा हिन्दी टीका सहित

पंचदशी तंत्र हिन्दी टीका सहित

मंत्र महोदधि संस्कृतटीका पत्राकार

मंत्र विद्या हिन्दी टीका सहित

यंत्रचिन्तामणि हिन्दी टीका सहित

योगिनीतंत्र हिन्दी टीका सहित

रुद्रयामल तंत्र हिन्दी टीका सहित

सिद्धशंकरतंत्र हिन्दी टीका सहित

महालक्ष्मी पूजा पद्धति हिन्दीटीकासहित पत्राकार

दुर्गासप्तशती मूलमात्र पत्राकार

दुर्गासप्तशती सजिल्द

पुस्तकें मिलने के स्थान

१) खेमराज श्रीकृष्णदास,
श्रीवेंकटेश्वर स्टीम प्रेस,
खेमराज श्रीकृष्णदास मार्ग
खेतवाडी, बम्बई ४००००४

२) खेमराज श्रीकृष्णदास,
६६, हडपसर इण्डस्ट्रिअल इस्टेट
पुणे - ४११०१३

३) गंगाविष्णु श्रीकृष्णदास,
लक्ष्मीवेंकटेश्वर स्टीम प्रेस,
व बुक डिपो,
अहिल्याबाई चौक, कल्याण
(जि.ठाणे- महाराष्ट्र)

४) खेमराज श्रीकृष्णदास
चौक - वाराणसी (उ. प्र.)